उज्जैन
रविवार
13
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-310
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ 13 करोड़ रुपये मूल्य की 18 संपत्तियां अटैच
7 ▸ मोहम्मद सिराज हैदराबाद रणजी टीम के कप्तान बने



## अमीषा पटेल के माता-पिता के घर चोर

### 5 लाख की ज्वेलरी गायब, घरेलू सहायिका गिरफ्तार, पुलिस ने विरार से आरोपी को पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल के परिवार से जुड़ा चोरी का मामला सामने आया है। मुंबई के चर्चगेट स्थित उनके माता-पिता के घर से करीब 5 लाख की सोने और हीरे की ज्वेलरी चोरी होने की शिकायत दर्ज हुई। मामले में मरीन ड्राइव पुलिस ने 40 वर्षीय घरेलू सहायिका सीमा विनोद घाटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को विरार से पकड़ा है और चोरी हुई ज्वेलरी की बरामदगी के लिए जांच जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमीषा पटेल और उनके भाई अश्मित पटेल के माता-पिता का घर मुंबई के चर्चगेट इलाके में है। यहीं से सोने और हीरे की ज्वेलरी चोरी होने की शिकायत सामने आई। चोरी की कीमत करीब 5 लाख बताई गई है। मामले की शिकायत अमीषा की मां आशा पटेल ने पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में सीमा विनोद घाटे नाम की 40 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया है। वह अमीषा पटेल के माता-पिता के घर में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। पुलिस के मुताबिक, वह करीब डेढ़ साल से वहां काम कर रही थी।

### देश

- ब्रिक्स डिनर- मलेशियाई पीएम ने किशोर कुमार का गाना गयाः 'ख्वाब हो तुम या...' का वीडियो शेयर किया, गाने के पहले पूछा- गुरु, इजाजत है
- मोदी-जिनपिंग बोले- मतभेद विवाद में न बदलें, आपसी संबंध लंबे चले, गलवान झड़प के बाद चीन से इम्पोर्ट दोगुना हुआ
- ब्रिक्स के साझा बयान में पहलगाम हमले की निंदा, टेरर फंडिंग रोकने पर जोर; कहा- आतंकियों को पनाह देने वालों पर मिलकर एक्शन लेंगे
- ममता बनर्जी को बागी गुट का खुला ऑफर, ऋतब्रत बनर्जी बोले- नंदीग्राम से उतरें पूर्व सीएम, निर्दलीय भी लड़ेंगी तो सपोर्ट करेंगे
- मायावती भतीजी दीपिका को सौंप सकती हैं पार्टी, कहा- आकाश-ईशान को कोई पद नहीं दूंगी, मैं अविवाहित, मजबूरी में भाई को साथ रखा
- वनतारा से 13 महीने बाद कोल्हापुर लौटी हथिनी महादेवी, हजारों लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया, रिलायंस फाउंडेशन के एनिमल सेंटर भेजने पर विरोध किया था
- गुजरात में 31 जुलाई 2026 तक एक साल में बीमारी से 62 शेर, शेरनियों और शावकों की मौत हुई। विधानसभा में सरकार ने यह जानकारी दी
- दिल्ली में नए वोटर आवेदन 2.56 लाख पार, 30 सितंबर तक दावे-आपत्तियां, 4 नवंबर को अंतिम सूची, 16 राज्यों में एसआईआर का तीसरा फेज जारी

### विदेश

- इजराइली पीएम के मेकअप पर 4 करोड़ रुपये खर्च, तीन प्रधानमंत्रियों में नेतन्याहू के मेकअप का बिल सबसे ज्यादा, हेयर स्टाइलिस्ट के नाम छिपाए
- अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय महिला की हत्याः शादी से इनकार करने पर 16 साल छोटे लड़के ने गोली मारी, सुसाइड किया

### व्यापार

- जोमैटो से खाना मंगवाना महंगा हुआ, एक हफ्ते में चांदी 6,536 रुपये गिरकर 2.29 लाख रुपये पर आई, टाटा-संस को 3 साल में आईपीओ लाना ही होगा

### कार्टून..




### ब्रिक्स की साझा करेंसी नहीं आएगीः सदस्य देश अपनी करेंसी में लेनदेन करेंगे

# आज प्रधानमंत्री मोदी की 4 वर्ल्ड लीडर्स के साथ बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ब्रिक्स समिट का आज आखिरी दिन है। आज ओपन मीटिंग होगी, जिसमें सदस्य देशों के नेता और दूसरे आमंत्रित देशों के प्रमुख शामिल होंगे।

बैठक में ब्रिक्स से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके बाद ढट मोदी 4 देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। समिट के पहले दिन भारत ने साफ कर दिया कि फिलहाल ब्रिक्स देशों की अपनी कोई साझा करेंसी बनाने का प्रस्ताव नहीं है।

हालांकि, विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स में स्थानीय करेंसी में आपसी व्यापार और भुगतान को बढ़ावा देने पर चर्चा जरूर चल रही है। इसका मकसद देशों के बीच व्यापार को आसान बनाना और लेन-देन की लागत कम करना है।

### पीएम मोदी के बयान की 5 अहम बातें

- **अगले 20 साल का नया एजेंडा बनाएंः** ब्रिक्स के अगले 20 साल के लिए नया एजेंडा और फैसलों पर अमल की स्थायी व्यवस्था बनाने का प्रस्ताव।
- **ग्लोबल साउथ नियम बनाने में हिस्सा लेः** अक् साइबरस्पेस, अंतरिक्ष और बायोटेक्नोलॉजी के नियम तय करने में विकासशील देशों की बराबर भागीदारी पर जोर।
- **युवाओं को तैयार करेंः** युवा राजनयिकों और नीति-निमार्ताओं को बातचीत और कानून की ट्रेनिंग देने का सुझाव।
- **नाविकों के लिए इमरजेंसी नेटवर्क बनेः** मुसीबत में फंसे नाविकों को इलाज, परिवार से संपर्क और सुरक्षित निकालने के लिए देशों के बीच नेटवर्क बनाने की बात।
- **भविष्य सबका, फैसला भी सबकाः** मोदी ने कहा- दुनिया का भविष्य साझा है तो उसे तय करने का अधिकार भी सभी देशों के पास होना चाहिए।

### ब्रिक्स देशों ने नई दिल्ली डेक्लरेशन को मंजूरी दी

ब्रिक्स देशों ने शनिवार को समिट के दौरान नई दिल्ली डेक्लरेशन को मंजूरी दी। इसमें कई मुद्दों पर साझा बयान जारी किया गया। डेक्लरेशन में रूस और चीन समेत ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। देशों ने कहा कि आतंकियों को पनाह देने वालों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, आतंकियों तक पहुंचने वाली फंडिंग रोकने और उन्हें सुरक्षित ठिकाने देने वालों पर कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी। ब्रिक्स देशों के बीच संयुक्त बयान जारी करने पर सहमति ऐसे समय में बनी है, जब पश्चिम एशिया में तनाव है और ईरान, सऊदी अरब और वअए के कई मुद्दों पर अलग-अलग रुख हैं।

# सिंहस्थ के कामों पर सांसद का बड़ा हमला

## गुणवत्ता पर सवाल, निर्माण एजेंसियों की कार्यप्रणाली कठघरे में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

से पहले उज्जैन में हजारों करोड़ रुपए के निर्माण कार्य चल रहे हैं। शहर को आधुनिक कनेक्टिविटी देने के नाम पर बन रहे हाईवे, सड़क और अन्य प्रोजेक्ट की गुणवत्ता को लेकर अब सवाल तेज हो गए हैं। सांसद अनिल फिरोजिया ने सीधे केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के सामने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और जिम्मेदारी का मुद्दा उठाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है।



### गडकरी के सामने रखी करीब 2600 करोड़ के कामों की शिकायत

सांसद ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के दौरान उज्जैन-गरोठ हाईवे और देवास-बदनावर हाईवे सहित करीब 2600 करोड़ रुपए की लागत वाले कार्यों की शिकायत रखी। आरोप है कि कुछ स्थानों पर निर्माण की गुणवत्ता अपेक्षित स्तर की नहीं है। सांसद ने अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की मांग की।

### देवास-बदनावर हाईवे पर एक साल में ही नुकसान का मुद्दा

देवास-बदनावर हाईवे को लेकर भी सांसद ने गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि निर्माण के कुछ हिस्सों में समय से पहले नुकसान सामने आना गुणवत्ता और निगरानी दोनों पर सवाल खड़े करता है। सांसद ने मांग की कि निर्माण पूरा होने से पहले ही स्वतंत्र और उच्चस्तरीय गुणवत्ता जांच कराई जाए।

### सिंहस्थ से पहले गुणवत्ता से समझौता नहीं

सिंहस्थ-2028 में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है। ऐसे में सड़कों और अधोसंरचना की गुणवत्ता सीधे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था से जुड़ी है। सांसद ने केंद्र से मांग की कि सिंहस्थ से जुड़े सभी प्रमुख प्रोजेक्ट की नियमित और कड़ी निगरानी हो।

### अमित शाह के हस्तक्षेप की नौबत

सिंहस्थ की तैयारियों में केंद्र और राज्य के बीच समन्वय को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। निर्माण कार्यों, मेला क्षेत्र के लेआउट और व्यवस्थाओं में यदि लगातार देरी होती है तो इसका असर सीधे सिंहस्थ की तैयारियों पर पड़ सकता है। ऐसे में अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्तर से हस्तक्षेप की जरूरत महसूस होने लगी है।

**अफसरों की लापरवाही पर भी निशाना-** सांसद ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बड़े धार्मिक आयोजन की तैयारियों में देरी और लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जा सकती। सवाल यह है कि जब समय-सीमा पहले से तय है, तो कामों की निगरानी और गुणवत्ता जांच में ढिलाई क्यों?

**भ्रष्टाचार के आरोपों ने बढ़ाई सियासी गर्मी-** निर्माण और व्यवस्थाओं को लेकर उठ रहे सवालों के बीच भ्रष्टाचार के आरोपों ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। भाजपा सरकार को घेरते हुए विपक्ष और आलोचकों की ओर से सवाल उठाया जा रहा है कि यदि निर्माण में गड़बड़ी है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी।

### सबसे बड़ा सवाल—गलती हुई तो जिम्मेदार कौन?

सिंहस्थ जैसे महाआयोजन में करोड़ों-अरबों रुपए खर्च हो रहे हैं। यदि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता हुआ और भविष्य में कोई दुर्घटना सामने आई तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी? सड़क बनाने वाली एजेंसी, निगरानी करने वाले अधिकारी या संबंधित विभाग—जिम्मेदारी आखिर तय कौन करेगा?

### सांसद का संदेश—जनता के पैसे से समझौता नहीं

सांसद अनिल फिरोजिया के रुख से साफ है कि सिंहस्थ की तैयारियों में गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर अब सवाल दबने वाले नहीं हैं। निर्माण कार्यों की जांच, दोषियों पर कार्रवाई और समय पर काम पूरा कराने की मांग ने प्रशासन के सामने सीधी चुनौती खड़ी कर दी है।

### सिंहस्थ से पहले सरकार के सामने बड़ी परीक्षा

सिंहस्थ-2028 केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उज्जैन की अधोसंरचना की सबसे बड़ी परीक्षा भी है। हजारों करोड़ के काम, करोड़ों श्रद्धालु और सीमित समय—ऐसे में एक भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। अब निगाह इस बात पर है कि आरोपों के बाद सरकार जांच और कार्रवाई करती है या मामला केवल बयानबाजी तक सीमित रहता है।

## उत्तराखंड में 170 फीट लंबा ब्रिज बहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच पिथौरागढ़ के कुलागाड़ नाले पर बना 170 फीट लंबा बैली ब्रिज तेज बहाव में बह गया। इससे चीन सीमा से लगी व्यास, दारमा और चौदांस घाटियों का संपर्क टूट गया है। यह ब्रिज 27 अगस्त को ही बनाया गया था। पुराना पुल 18 अगस्त को चट्टान गिरने से टूट गया था।

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में हसदेव नदी के तेज बहाव में 3 कॉलेज स्टूडेंट्स बह गए। शनिवार को एक स्टूडेंट का शव मिला। तीनों शुक्रवार को बिलासपुर के चौकसे कॉलेज के 8 छात्र-छात्राओं के साथ पिकनिक मनाने देवरी गांव पहुंचे थे। नदी किनारे सेल्फी के दौरान एक छात्र का पैर फिसला, उसे बचाने के लिए कूदे 2 अन्य छात्र भी बह गए।

बिहार में बाढ़ से 15 जिलों में 47 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। उत्तर प्रदेश के 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 4 लाख की आबादी प्रभावित है। 21 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कानपुर-उन्नाव में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं। नदी के किनारे पर बने गांवों में 10 फीट तक पानी भर गया है।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। टढ के 15 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि राजस्थान के 29 जिलों में बारिश की संभावना है। इससे पहले शुक्रवार को राजस्थान के अलवर, सवाई माधोपुर, दौसा में तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया था। एमपी के भोपाल में बारिश से विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम हो गई। दमोह में निचले इलाके डूब गए।

## 240 यात्रियों वाला जहाज लापता

### जावा सागर में संपर्क टूटा, पूर्वी जावा से बोर्नियो जा रहा था; सर्च ऑपरेशन शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंडोनेशिया

इंडोनेशिया में 240 लोगों को लेकर जा रहा एक यात्री जहाज रविवार को लापता हो गया। जहाज से जावा सागर में संपर्क टूट गया। विर्गो ट्रांसपोर्ट 8 नाम का यह जहाज पूर्वी जावा के सुराबाया से बोर्नियो द्वीप के दक्षिण कालीमंतन प्रांत की राजधानी बंजारमासिन जा रहा था। अधिकारियों ने सर्च ऑपरेश शुरू कर दिया है। बंजारमासिन स्थित सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के मुताबिक, जहाज में सफर के दौरान कम्युनिकेशन फेलियर हुआ था। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो सका।

रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, शुरूआती जानकारी में जहाज की आखिरी ज्ञात लोकेशन जावा सागर में बंजारमासिन के एक पियर से करीब 148 किलोमीटर दूर मिली है। रेस्क्यू टीमें इलाके में जहाज की तलाश कर रही हैं। फिलहाल जहाज में सवार लोगों के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

## जहरीली शराब कांडः मुख्य आरोपी शिवांजय का हाफ एनकाउंटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

बंडा जहरीली शराब कांड के मुख्य फरार आरोपी और 30 हजार रुपये के इनामी शिवांजय राजपूत को सागर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। उसके कब्जे से देशी कट्टा, कारतूस, मोबाइल और बाइक बरामद की गई है।

सागर के बंडा थाना क्षेत्र के बहुचर्चित जहरीली शराब कांड के मुख्य फरार आरोपी और 30 हजार रुपये के इनामी बदमाश शिवांजय राजपूत



को सागर पुलिस ने रविवार तड़के एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बहरोल थाना क्षेत्र के कठुआ नाला के पास हुई इस कार्रवाई के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर तीन गोलियां चलाईं। इसके जवाब में पुलिस की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी शिवांजय राजपूत (21), निवासी ग्राम छापरी, धामोनी-बहरोल मार्ग से अपने घर जाने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बांदरी थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह और बहरोल थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ तीन फायर किए। पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए दो राउंड फायर किए गए, जिससे आरोपी घायल हो गया।

## कनाडा में बीफ बनाने से रोकने पर भारतवंशी महिला गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओटावा

कनाडा में बीफ बनाने से रोकने को लेकर भारतवंशी मकान मालकिन और किराएदार के बीच विवाद हो गया। किराएदार का आरोप है कि मकान मालकिन ने उसका खाना फेंक दिया। महिला उसकी इजाजत के बिना घर में घुसीं और ताले बदल दिए। विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने भारतवंशी महिला को गिरफ्तार कर लिया। घटना कब की है, यह जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इससे जुड़े वीडियो शनिवार को वायरल हुए हैं। किराएदार ने बताया वह अपने एक दोस्त के साथ गार्डन में बारबेक्यू (ग्रिल) पर खाना बना रहा था। इसी दौरान मकान मालकिन राज तिवान वहां पहुंचीं और उन्हें रोकने लगीं। किराएदार ने वीडियो शेयर किए। इनमें राज तिवान दीवार पर पड़े निशानों की ओर इशारा करती नजर आ रहीं थीं। किराएदार ने उनसे वहां से जाने को कहा। इसके बाद दोनों के बीच बहस तेज हो गई। किराएदार के दोस्त ने मोबाइल से पूरी घटना रिकॉर्ड कर ली। दूसरे वीडियो में राज तिवान बारबेक्यू पर रखा खाना फेंकती हुई दिखाई दीं। किराएदार ने इसका विरोध किया और आरोप लगाया कि वह उन्हें डराने की कोशिश कर रही हैं।

### पाकिस्तान पड़ा अलग-थलग

## भारत बना शांति का संवाद केंद्र

### देश ने वैश्विक पटल पर खिंची ऐतिहासिक लकीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के साथ ही भारत वैश्विक कूटनीति के केंद्र में मजबूती से स्थापित हो गया है। एक तरफ जहां पाकिस्तान की पश्चिम एशिया और कूटनीतिक मंचों पर मध्यस्थता की महत्वाकांक्षाएं परवान नहीं चढ़ सकीं, वहीं नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत ने वैश्विक पटल पर ऐतिहासिक लकीर खींच दी।

शिखर सम्मेलन के दौरान विपरीत विचारों वाले देशों के मौजूदगी के बावजूद दिल्ली घोषणा पत्र पर पूर्ण सहमति बनना भारत की बड़ी जीत है। भारत की धरती पर ईरान और यूएई जैसे प्रतिद्वंद्वियों के शीर्ष प्रतिनिधियों की आमने-सामने की मुलाकात होना इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक शांति और संवाद के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। पाकिस्तान अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थ बनने की कोशिश असफल रही है।

पाकिस्तान ने दिसंबर 2023 में आर्थिक संकट से उबरने और कूटनीतिक दायरा बढ़ाने के लिए ब्रिक्स की पूर्ण सदस्यता हेतु आवेदन किया था। ब्रिक्स में किसी भी नए देश को शामिल करने के लिए सभी मौजूदा सदस्य देशों की रजामंदी जरूरी है। हालांकि बीजिंग और मास्को के साथ इस्लामाबाद के संबंध ठीक हैं, लेकिन आम सहमति वाले नियम के कारण पाकिस्तान सफल नहीं हो सका।

### दिल्ली में ईरान के राष्ट्रपति और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस की मुलाकात

गौरतलब है कि ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियन भी ब्रिक्स देशों की बैठक में शामिल होने दिल्ली आए हैं। उन्होंने शनिवार रात को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर नई दिल्ली में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बातचीत की। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण रही क्योंकि पिछले छह महीने से अधिक समय से ईरान और अमेरिका के बीच जंग हो रही है। ईरान अमेरिकी ठिकानों पर हमले कर रहा है, जिसका खामियाजा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भी भुगतना पड़ा है। ईरान के हवाई हमलों के कारण यूएई और ईरान के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।




## खबर एक नजर...

### आज सजेगी संगीत संध्या 'अनहद में शीतल'

**उज्जैन।** नगर के प्रख्यात दिवंगत संगीताचार्य शीतल कुमार माथुर की स्मृति में रविवार 13 सितंबर को संगीतमय स्वरांजलि 'अनहद में शीतल' का आयोजन किया जा रहा है। अभिरंग नाट्य गृह में शाम 7 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में स्व. माथुर द्वारा रचित गीतों, गजल, भजन, काव्य गीतों तथा नाट्य गीतों की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम समन्वयक कुमार किशन ने बताया कि इस स्वरांजलि में मुख्य वक्ता के रूप में नृत्य पुरोधा डॉ. पुरु दाधीच, नृत्याचार्य राजकुमुद ठोलिया, वरिष्ठ संगीताचार्य पंडित उमाशंकर भट्ट एवं वरिष्ठ नृत्य विदुषी रंजना ठाकुर उपस्थित रहेंगी। संगीत संध्या के दौरान वरिष्ठ संगीतज्ञ छगनलाल शिवालिया और सुचित्रा पंडित के शिष्यों के साथ-साथ अजय मेहता, पंडित शैलेंद्र भट्ट और शेफाली चतुर्वेदी द्वारा भजनों व नाट्य गीतों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. पल्लवी किशन द्वारा किया जा रहा है।

### घर-घर विराजेंगे मिट्टी के श्रीगणेश, बच्चों ने सीखे इको-फ्रेंडली प्रतिमा बनाने के गुर

**उज्जैन।** 'प्रकृति का यही संदेश, घर-घर हो मिट्टी के श्रीगणेश' के उद्देश्य को लेकर दीप ज्योति सेवा उद्यान में मिट्टी के गणपति बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी एवं लिटिल स्टार स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक कैलाश चंद्र श्रीमाली और समीर पाराशर ने बच्चों को मिट्टी से आकर्षक और पर्यावरण-अनुकूल भगवान गणेश की प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इको-फ्रेंडली प्रतिमाएं बनाना सीखा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस अवसर पर दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन, लिटिल स्टार स्कूल की डायरेक्टर बबीता पाराशर, प्रिंसिपल पूनम यादव, को-ऑर्डिनेटर रुपाली राठौर, चंचल चौधरी, निकिता चौहान, अमित श्रीमाली, रवि श्रीमाली, राकेश जैन और नवीन कालरा सहित संस्था के सदस्य व स्कूल स्टाफ प्रमुख रूप से उपस्थित रहा।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बांटे जाएंगे निशुल्क मिट्टी के गणपति

**उज्जैन।** शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था 14 सितंबर को सुबह 8 बजे से इंदिरा नगर स्थित पानी की टंकी के पीछे निशुल्क मिट्टी के गणपति का वितरण करेगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को गणेश अथर्वशीर्ष और पूजन सामग्री भी निशुल्क दी जाएगी संस्था प्रमुख हरि सिंह यादव ने बताया कि पर्यावरण शुद्धि के लिए पिछले सात वर्षों से कार्यशाला आयोजित कर मिट्टी के गणपति बनाने का प्रशिक्षण और निशुल्क वितरण का अभियान चलाया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने और पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए संस्था के मुकेश पाटीदार, शैलेंद्र सिंह परिहार और राजेंद्र सोनी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में मिट्टी के गणपति प्राप्त करने का आह्वान किया है। गणपति वितरण के अलावा संस्था द्वारा कई सामाजिक और धार्मिक गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं। इनमें पिछले 11 वर्षों से ओम नमः शिवाय का जाप, हर अमावस्या पर निशुल्क भंडारा, गरीब बच्चों को प्रतिवर्ष स्वेटर और कंबल का वितरण तथा वृंदावन सहित अन्य तीर्थ स्थलों की निशुल्क धार्मिक यात्राएं शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्था प्रतिवर्ष 1000 पौधे रोपकर उनका संरक्षण भी करती है। इसके अतिरिक्त अनाथ और निराश्रित लोगों के निधन पर उनका निशुल्क अंतिम संस्कार भी संस्था द्वारा करवाया जाता है।

### म्यूजिकल अक्षय निधि हाउजी में प्रतीक लुक्कड़ ने जीता 21 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार

**उज्जैन।** अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद शाखा नयापुरा द्वारा जैन ओसवाल धर्मशाला में भव्य म्यूजिकल अक्षय निधि हाउजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति और उत्साह के बीच संपन्न हुए इस आयोजन में विजेताओं को नकद व आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

हाउजी स्पर्धा में प्रथम फुल हाउस का 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रतीक लुक्कड़ ने जीता। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये रिद्धि सुमित मेहता और तृतीय पुरस्कार स्वरूप 5100 रुपये रुचि प्रदीप जैन को प्रदान किए गए। इसके अलावा कई अन्य आकर्षक पुरस्कार भी बांटे गए। कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र पटवा और संजील लुंकड ने दादा गुरुदेव के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर भक्तिमय माहौल बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, मप्र गृह निर्माण संरचना विकास निगम के अध्यक्ष ओम जैन, नगर निगम सभापति कलावती यादव, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, पंच ओसवाल बड़े साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश रांका और संघ अध्यक्ष सुरेश पगारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष अंशुल गिरिया ने की तथा सफल संचालन राजेश पगारिया ने किया।

#### गणेशजी की मिट्टी से बनी प्रतिमा शुभ मुहूर्त में घर लाकर पूजा स्थान पर स्थापित करनी चाहिए

# शुभ मुहूर्त में करें गणेशजी की स्थापना, 21 दूर्वा अर्पित करना माना जाता है विशेष

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

गणेश चतुर्थी के अवसर पर घर-घर भगवान गणेश की स्थापना और पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से गणेशजी की स्थापना कर उनकी आराधना करने से विघ्न दूर होते हैं और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। गृहस्थों के लिए सामान्यतः बाईं ओर सूंड वाले गणपति की स्थापना शुभ मानी जाती है।

गणेशजी की मिट्टी से बनी प्रतिमा शुभ मुहूर्त में घर लाकर पूजा स्थान पर स्थापित करनी चाहिए। चौकी या पटिए पर लाल अथवा पीले रंग का वस्त्र बिछाकर प्रतिमा को प्रतिष्ठित किया जाता है। श्वेत अथवा रक्त वर्ण की प्रतिमा को श्रेष्ठ माना गया है, हालांकि श्रद्धानुसार किसी भी रंग की प्रतिमा स्थापित की जा सकती है।



### अनलासुर की कथा से जुड़ी है दूर्वा

पौराणिक कथा के अनुसार अनलासुर नामक दैत्य के अत्याचार से देवता और ऋषि परेशान हो गए थे। उन्होंने भगवान विष्णु से सहायता मांगी। इसके बाद भगवान गणेश ने अनलासुर का अंत करने के लिए उसे निगल लिया। इससे गणेशजी के शरीर में अत्यधिक गर्मी और पेट में जलन होने लगी। मान्यता है कि ऋषि कश्यप ने उन्हें 21 दूर्वा की गांठें अर्पित कीं। दूर्वा ग्रहण करने के बाद गणेशजी को राहत मिली। इसी प्रसंग से भगवान गणेश को 21 दूर्वा अर्पित करने की परंपरा जुड़ी मानी जाती है।

श्रद्धालु गणेशजी को दूर्वा, मोदक, लड्डू, फल और अन्य नैवेद्य अर्पित कर आरती करें तथा परिवार की सुख-समृद्धि और सभी कार्यों के निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना करें।

### कलश स्थापना और पूजन सामग्री

गणेशजी की स्थापना के साथ कलश में शुद्ध जल में गंगाजल मिलाकर रखा जाता है। कलश में आम या अशोक के पत्ते रखने की परंपरा है। इसके साथ नारियल और पान भी पूजा स्थल पर रखे जाते हैं। पूजा की थाली में हल्दी, रोली, कुंकुम, अक्षत, सिंदूर, जनेऊ और मौली (कलावा) रखना चाहिए। दक्षिणा के लिए धातु के सिक्के रखे जा सकते हैं। आरती के लिए दीपक प्रज्ज्वलित करने के साथ अगरबत्ती भी लगाई जाती है।

### मंत्र से करें गणेशजी का आह्वान

गणेशजी की स्थापना के बाद उनका आह्वान इस मंत्र से किया जाता है–

गजाननं भूतगणादि सेवितं
कपित्थजम्बूफलचारू भक्षणम।
उमासुतं शोकविनाशकारकं
नमामि विघ्नेश्वर पादपंकजम।।

### इसके बाद आह्वान मंत्र का जाप किया जाता है

**आगच्छ भगवन्देव स्थानेऽत्र स्थिरो भव।**
**यावत्पूजां करिष्यामि तावत त्वं सन्निधौ भव।।**

### ध्यान मंत्र से करें भगवान का ध्यान

पूजन से पहले भगवान गणेश का ध्यान करते हुए प्रसिद्ध मंत्र का जाप किया जाता है–

**वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।**
**निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकायेर्षु सर्वदा।।**

### 21 दूर्वा अर्पित करने की परंपरा

भगवान गणेश को दूर्वा और मोदक विशेष प्रिय माने जाते हैं। पूजा में 21 दूर्वा की गांठें अर्पित करना विशेष फलदायी माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार दूर्वा गणेशजी को अत्यंत प्रिय है और इसके अर्पण से भक्त की मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की जाती है।

### उज्जैन शहर में भी चल पड़ा ट्रेंड, अब टावर पर हो रही गणपति बप्पा की भव्य अगवानी



#### इस्कॉन में आज से होगा श्रील प्रभुपाद मेमोरियल फेस्टिवल

# 10 से अधिक देशों के 2000 श्रद्धालु होंगे शामिल

#### 5 हजार युवा आई लव भारत कार्यक्रम में वैदिक संस्कृति और संस्कारों से जुड़ेंगे

### कीर्तन मेला और महाप्रसाद वितरण रहेगा आकर्षण

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

इस्कॉन की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस्कॉन उज्जैन में 13 से 19 सितंबर 2026 तक वार्षिक श्रील प्रभुपाद मेमोरियल फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही आज 13 सितंबर को युवाओं के लिए 'आई लव भारत' कार्यक्रम भी आयोजित होगा। श्रील प्रभुपाद मेमोरियल फेस्टिवल इस्कॉन भक्तों का एक आंतरिक अनुष्ठान रहेगा, जिसमें 10 से अधिक देशों के 2,000 से ज्यादा श्रद्धालु शामिल होंगे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस महोत्सव में 20 से अधिक वरिष्ठ संन्यासी और श्रील प्रभुपाद के प्रत्यक्ष शिष्य शामिल होंगे। आयोजन में इस्कॉन उज्जैन के जीबीसी परम पूज्य गुरु प्रसाद स्वामी महाराज एवं परम पूज्य चंद्रमौली स्वामी महाराज का विशेष सानिध्य प्राप्त होगा। 17 सितंबर को श्रील प्रभुपाद के अमेरिका आगमन की ऐतिहासिक स्मृति के साथ पूज्यपाद भक्ति चारू स्वामी महाराज और पूज्यपाद चंद्रमौली स्वामी महाराज की व्यास पूजा श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी।

महोत्सव के दौरान श्रील प्रभुपाद के जीवन व शिक्षाओं पर प्रत्यक्ष शिष्यों और वरिष्ठ संन्यासियों द्वारा कथा सत्र, भव्य दीक्षा समारोह और देश-विदेश के कीर्तन दलों द्वारा कीर्तन मेला आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आध्यात्मिक पुस्तकों व ह्यअभय चरणह्न वीडियो श्रृंखला का विमोचन भी होगा। इसके अलावा 3,000 से अधिक युवाओं का मेगा यूथ इवेंट, नगर संकीर्तन, संत संगोष्ठी, राधाष्टमी उत्सव और 17 व 19 सितंबर को वैष्णव महाप्रसाद का वितरण आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहेंगे।



### आई लव भारत कार्यक्रम में 5 हजार युवा होंगे शामिल

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में युवाओं को सफलता के साथ भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों से जोड़ने के लिए 13 सितंबर शाम 4 बजे भरतपुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में ह्यआई लव भारतह्न कार्यक्रम होगा। कल्याण शिवहरे और जी.एल. परमार के सान्निध्य में होने वाले इस आयोजन की थीम ह्यवैदिक भारत की महिमाह्न है। इसमें उज्जैन के स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और कॉलेजों के करीब 5 हजार युवा शामिल होंगे। इस्कॉन के पीआरओ राघव पंडित दास ने बताया कि कार्यक्रम में 15 से 30 वर्ष के युवाओं को श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान के माध्यम से सही दिशा, आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण का संदेश दिया जाएगा।

# नई पहल नई सोच ने किया शिक्षकों और समाजसेवियों का सम्मान

#### समाज को नई दिशा देने वाले गुरुजनों का हुआ सम्मान, वक्ताओं ने शिक्षक को बताया समाज का मार्गदर्शक

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

नई पहल नई सोच सामाजिक संगठन द्वारा शहर में दूसरा शिक्षक एवं सामाजिक सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के माध्यम से समाज का निर्माण करने वाले शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। समारोह के दौरान भारतीय सेना में चयनित होकर शहर का मान बढ़ाने वाले लेफ्टिनेंट आशीष सिंह जादौन का विशेष अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रोफेसर मोहम्मद खान ने कहा कि माता-पिता के बाद उस्ताद ही सही रास्ता दिखाते हैं और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करते हैं। मुख्य अतिथि शहर काजी खालिकुर रहमान ने कहा कि गुरुजनों का सम्मान करना संस्था की एक उत्कृष्ट पहल है। मौलाना तैयब हाफिज नदवी ने शिक्षकों को समाज जोड़ने वाला बताया। भारतीय मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष सलीम शेख ने शिक्षकों को समाज का मजबूत पुल करार दिया। वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन सिंह चंदेल ने शिक्षक को दीपक के समान बताया जो स्वयं जलकर अंधेरे से उजाले की ओर ले जाता है। अंतरराष्ट्रीय कवि अशोक भाटी ने गुरु गोविंद दोऊ खड़े कविता के माध्यम से गुरु की महिमा का बखान किया। आयोजन में अनोखीलाल शर्मा, शाहिद नागोरी, सूबेदार कमल सोनी और राहुल निहोरे ने भी विचार व्यक्त किए। आयोजन की विस्तृत जानकारी संस्था के सैयद आबिद अली अमीर और शाहिद हाशमी ने दी।



### लेफ्टिनेंट आशीष सिंह जादौन का विशेष सम्मान

अखिल भारतीय स्तर पर 18वीं रैंक हासिल कर ओटीए चेन्नई से सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट आशीष सिंह जादौन का समारोह में विशेष सम्मान किया गया। वक्ताओं ने उनकी उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। इंजीनियर रिजवान खान, शकेब कुरैशी, कमर अली, रजाक खान, आजम बेग, डॉ. सरफराज नवाज, अकील एलजी, फौजी गुलजी खान, राशिद अली खान, उमेर अंजुम और हफीज खान सहित उपस्थितजनों ने पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया।

### महाकाल सवारी की परंपरा से छेड़छाड़, अनाधिकृत पंचमुखौटों की झांकी पर एसपी से शिकायत

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर की शाही सवारी में परंपरा के विरुद्ध निकाली गई पंचमुखौटों की अनाधिकृत झांकी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के नगर अध्यक्ष मंगल गहलोत ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सतीश सक्सेना नामक व्यक्ति ने मंदिर समिति को गुमराह कर निःशुल्क रंग-रोगन की आड़ में पंचमुखौटों के डुप्लीकेट विग्रह बनाए और उन्हें शाही सवारी में शामिल कर लिया। शिकायत में बताया गया है कि महाकाल मंदिर की सवारी की हजारों वर्ष पुरानी परंपरा है, जिसके तहत मंदिर समिति द्वारा ही अधिकृत प्रतिमाएं निकाली जाती हैं। परंपरा के अनुसार भगवान के पंचमुखौटों के एक साथ दर्शन केवल महाशिवरात्रि के दूसरे दिन ही होते हैं, शाही सवारी में नहीं।

# इंतजार के बाद बरसे बादल, उज्जैन को मिली राहत





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे शहरवासियों को रविवार को राहत मिली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और कुछ समय के लिए बारिश हुई। लंबे अंतराल के बाद हुई इस बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। हालांकि शहर और आसपास के क्षेत्रों में पानी की आवश्यकता अभी बनी हुई है।

उज्जैन में बीते कई दिनों से बारिश का इंतजार किया जा रहा था। बारिश नहीं होने से मौसम में गर्मी और उमस बढ़ रही थी। किसान भी खेतों में फसलों की स्थिति को लेकर चिंतित थे। ऐसे में रविवार को हुई बारिश ने लोगों के चेहरे पर खुशी ला दी। सड़कों और खुले मैदानों पर पानी दिखाई दिया, वहीं पेड़-पौधों को भी राहत मिली। शहरवासियों का कहना है कि उज्जैन को इस समय अच्छी बारिश की जरूरत है। जलस्त्रोतों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से आने वाले दिनों में जलसंकट की चिंता बनी हुई है। शहर के तालाब, कुएं और अन्य जलस्त्रोत बारिश के पानी पर निर्भर हैं। अच्छी बारिश होने से भूजल स्तर में सुधार होगा और पेयजल की समस्या से निपटने में भी मदद मिलेगी। बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को भी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बादल मेहरबान होंगे। खेतों में नमी बढ़ने से फसलों को फायदा मिलेगा। मौसम में बदलाव के साथ लोगों को अब तेज और लगातार बारिश की उम्मीद है। शहरवासियों की नजरें आसमान पर टिकी हैं कि बारिश का यह सिलसिला आगे भी जारी रहे और उज्जैन की पानी की जरूरत पूरी हो सके।

#### विश्व बंधुत्व दिवस पर बोले संघ के अखिल भारतीय सेवा प्रमुख

### भारत की पहचान त्याग और सेवा से, स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

युवाओं के पास ऊर्जा, सामर्थ्य और प्रतिभा है, लेकिन इस शक्ति को सही दिशा देने के लिए संस्कार, विवेक और राष्ट्रबोध जरूरी है।ह्व यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सेवा प्रमुख श्री पराग जी अभ्यंकर ने विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर कालिदास अकादमी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कही। विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी की उज्जैन शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम का विषय स्वामी विवेकानंद आज भी प्रासंगिक हैं था। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री माधव जी काकाणी ने की। श्री अभ्यंकर ने कहा कि भारत की पहचान केवल उसकी प्राचीन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा से नहीं, बल्कि त्याग और सेवा की भावना से भी है। भारतीय जीवन-दृष्टि में स्वयं से पहले समाज, राष्ट्र और मानवता के कल्याण को महत्व दिया गया है। यही कारण है कि भारत ने दुनिया को संघर्ष नहीं, बल्कि समन्वय, सह-अस्तित्व, करुणा और बंधुत्व का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सेवा भारतीय संस्कृति का मूल स्वभाव है और त्याग उसकी शक्ति है। स्वामी विवेकानंद ने इसी भावना को युवाओं के भीतर जागृत करने का कार्य किया। उनका जीवन बताता है कि ज्ञान और सामर्थ्य का सर्वोच्च उपयोग समाज एवं राष्ट्र की सेवा में होना चाहिए।

श्री अभ्यंकर ने कहा कि 11 सितंबर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने भारत की उस महान परंपरा का परिचय दुनिया को कराया, जिसमें विभिन्न मत-पंथों के बीच केवल सहनशीलता नहीं, बल्कि एक-दूसरे को स्वीकार करने और सम्मान देने की भावना है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दुयतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।।
स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।
**अर्थः** जुआ, वाद्य, नाट्य (फिल्म), स्त्री (या पुरुष) से लगाव, नींद और नींद- ये छह बाधाएं हैं।

## खबर एक नजर...

### ढाई साल से अटके सर्विस रोड का निर्माण अब पूरा हो सकेगा

**इंदौर।** मूसाखेड़ी चौराहे पर शनिवार को धर्मस्थल शिफ्ट किया गया। इस दौरान पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम और एमपीआरडीसी के अफसर मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान रहवासी और जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर धर्मस्थल शिफ्ट कराने में सहयोग किया। रिमूवल कार्रवाई के बीच पंडित-पुजारियों की मौजूदगी में प्रतिमाओं को पुराने मंदिर से नए स्थान पर ले जाया गया। प्रतिमाओं की स्थापना और पूजा-पाठ के लिए ब्रिज के पियर-1 और पियर-2 के बीच प्लेटफॉर्म बनाया गया है। हालांकि, यहां जगह कम पड़ने की संभावना को देखते हुए रहवासियों ने एक और स्थान पर मंदिर बनाने की मांग की है। ब्रिज का निर्माण शुरू होने के ढाई साल बाद धर्मस्थल शिफ्टिंग की कार्रवाई हो सकी है। हालांकि, इस हिस्से में निर्माण कार्य लगभग एक साल पहले ही शुरू हो गया था, लेकिन रहवासियों और प्रशासन के बीच सहमति न बन पाने के कारण यह काम लंबे समय से टल रहा था। इसके चलते सर्विस रोड का निर्माण अटका हुआ था, जिससे तीन इमली और आईटी पार्क से आने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं, बारिश के कारण चौराहे और सर्विस रोड की स्थिति और अधिक खराब हो गई है, जिससे पीपल्याहाना की ओर से आने-जाने वाले वाहन चालक भी प्रभावित हो रहे हैं।

### एमजीएम : पुराने नेतृत्व पर जताया भरोसा, डॉ. रोकड़े फिर अध्यक्ष, डॉ. ठाकुर सचिव

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) के चुनाव में इस बार कई पदों पर सीधा मुकाबला हुआ, लेकिन नतीजों में फिर पुराने नेतृत्व पर भरोसा जताया। डॉ. राहुल रोकड़े अध्यक्ष तो . अशोक ठाकुर सचिव चुने गए। दोनों पहले भी इन्हीं पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। दो पैनलों के बीच हुए चुनाव में अध्यक्ष, दोनों उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव-2 समेत 5 पदों पर मतदान हुआ। 303 पात्र मतदाताओं में से 285 ने मतदान किया। एमवाय ऑडिटोरियम में शनिवार सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। शाम 5 बजे बाद परिणाम घोषित हुए। एमटीए शिक्षकों के सेवा संबंधी मामलों के साथ चिकित्सा शिक्षा और मरीजों से जुड़े मुद्दे भी उठाता रहा है। शिक्षकों के ट्रांसफर, अटैचमेंट, लंबित एरियर, एनओसी, अवकाश और कार्यस्थल से जुड़े मामलों को संगठन स्तर पर उठाया जाता है। यही वजह है कि मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों के बीच एमटीए के चुनाव को महत्वपूर्ण माना जाता है। परिणामों में विजेता पैनल को अधिकांश पदों पर स्पष्ट बढ़त मिली। डॉ. साधना सोडानी 154 वोट, डॉ. बजरंग कुमार सिंह 131 वोट और डॉ. अशोक ठाकुर 120 वोट के अंतर से जीते। अध्यक्ष पद पर डॉ. राहुल रोकड़े ने 66 वोट की बढ़त बनाई। संयुक्त सचिव-2 में मुकाबला करीबी रहा, जहां डॉ. आशीष सक्सेना 37 वोट से विजयी हुए। अध्यक्ष, सचिव के साथ उपाध्यक्ष के दोनों पदों पर भी स्पष्ट बढ़त मिली। डॉ. रोकड़े व डॉ. ठाकुर का पहले इन्हीं पदों पर रहना भी उनके पक्ष में रहा। इस तरह पुराने नेतृत्व के साथ पैनल की सामूहिक पकड़ भी दिखाई दी।

### बाइक पर इंदौर से नासिक घूमने जा रहे युवक व युवती को ट्रक ने रौंदा, युवती की वहीं मौत

**इंदौर।** मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मगरखेड़ी गांव में शनिवार सुबह 7 बजे हाईवे के कट पॉइंट पर हादसा हो गया। सड़क क्रॉस कर रहे ट्रक की चपेट में बाइक सवार देवास और इंदौर के युवक-युवती आ गए। हादसे में भूमिका शर्मा (22) निवासी अरण्य नगर इंदौर की पहिए के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आशीष परमार (25) निवासी बैरागढ़ देवास गंभीर घायल हो गया, उसे हाईवे एंबुलेंस से ठीकरी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब पांच किमी लंबा जाम लग गया। आशीष व भूमिका बाइक से इंदौर से नासिक घूमने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। आशीष टोशकोश कंपनी में कार्य करता था, जबकि भूमिका भी प्राइवेट नौकरी करती थी। उधर, ट्रक के पहिए के नीचे दबे युवती के शव को निकालने के लिए पुलिस ने क्रेन की मदद ली। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। हादसे के बाद अफसरों ने मगरखेड़ी, निमरानी, मुकुंदपुरा, रामपुरा व मराल घाटी का निरीक्षण किया। ठीकरी से खलघाट तक का मार्ग दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील माना है। आरआई ने बताया, अनावश्यक कट पॉइंट बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड, संकेतक व रोड मार्किंग भी लगाई जाएगी।

### रेल परिसर में गंदगी फैलाई तो अब 1000 रुपए जुर्माना

**इंदौर।** देशभर के रेलवे स्टेशन, रेल परिसरों में गंदगी फैलाना यात्रियों को महंगा पड़ेगा। रेल मंत्रालय ने रेलवे परिसर की सफाई से जुड़े नियमों में बदलाव करते हुए जुमार्ने की राशि बढ़ा दी है। अब गंदगी फैलाने जैसी गतिविधियों पर एक हजार रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकेगा। दरअसल, पुराने नियमों के मुताबिक ऐसे मामलों में अधिकतम 500 रुपए तक जुमार्ना लगाया जाता था। अब इसे बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। रेल मंत्रालय ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। नए नियमों के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति लगाया गया जुमार्ना नहीं भरता है, तो उसके खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है, ऐसे व्यक्ति को सक्षम न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा और कोर्ट की ओर से दो हजार रुपए तक जुमार्ना लगाया जा सकता है। रेल मंत्रालय के मुताबिक इसका उद्देश्य रेलवे स्टेशनों और रेल परिसरों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना और लोगों को गंदगी फैलाने से रोकना है। रेलवे का मानना है कि जुमार्ना बढ़ने से यात्रियों और आम लोगों में स्वच्छता को लेकर जिम्मेदारी बढ़ेगी। दरअसल, 2012 से रेल परिसरों में गंदगी फैलाने पर 500 रुपए तक का जुमार्ना था। अब 14 साल बाद जुमार्ने की राशि रेलवे ने बढ़ा दी है। इसे बढ़ाकर दुगनी कर दी गई है। रेलवे ने नए नियम लागू भी कर दिए हैं।

---

प्रवर्तन निदेशालय ने इंदौर में बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की

# 13 करोड़ रुपये मूल्य की 18 संपत्तियां अटैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रवर्तन निदेशालय ने इंदौर में बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने आलोक शारदा और अन्य से जुड़े मामले में 13 करोड़ रुपए मूल्य की 18 अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की हैं। यह कार्रवाई 10 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत की गई।

ईडी के मुताबिक यह जांच एडह भोपाल द्वारा दर्ज दो एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी। मामला आईडीबीआई बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी किसान धन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ कथित धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित है।




### दो वित्तीय संस्थाओं को करीब 26 करोड़ के नुकसान का आरोप

ईडी के अनुसार आईडीबीआई बैंक को इस मामले में करीब 14.04 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। वहीं किसान धन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेज ने इसी वेयरहॉउस में रखी बताई गई कृषि उपज के आधार पर 12.04 करोड़ रुपए का वेयरहाउस रसीद वित्त स्वीकृत किया था। बाद के भौतिक सत्यापन में गिरवी रखे माल में भारी कमी मिली। ईडी का कहना है कि दोनों मामलों को मिलाकर आरोपियों ने बैंक और वित्तीय कंपनी को करीब 26 करोड़ रुपए का गैर-कानूनी नुकसान पहुंचाया और अनुचित लाभ हासिल किया।

### फर्जी वेयरहाउस रसीदों से 42 किसानों के नाम पर लोन

- जांच में ईडी ने आरोप लगाया कि इंदौर जिले के मानपुर स्थित शारदा वेयरहॉउस के प्रोपराइटर आलोक शारदा ने अन्य लोगों के साथ मिलकर वेयरहाउस रसीद वित्त योजना का दुरुपयोग किया। वेयरहाउस में किसानों की सोयाबीन और चना उपज रखे होने का दावा करते हुए फर्जी रसीदें जारी की गईं।
- इन रसीदों के आधार पर 62,965 बोरी सोयाबीन और चने के एवज में 42 किसानों के नाम पर लोन मंजूर कराया गया। ईडी की जांच के अनुसार बाद में गिरवी रखी गई कृषि उपज को बिना अनुमति वेयरहाउस से निकालकर बेच दिया गया।

### 13 करोड़ की संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच

ईडी ने जांच के दौरान सामने आई संपत्तियों में से 13 करोड़ रुपए मूल्य की 18 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

---

बड़े होटल्स फिर सवालों के घेरे में

# सूरजमुखी के बीज में चल रहे थे कीड़े

## ट्रे व किचन प्लेटफार्म पर जंग, बर्तनों की सफाई भी गड़बड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर के प्रमुख होटलों में शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम अचानक जांच करने पहुंच गई। शहर के चार और पांच सितारा समेत पांच बड़े होटलों में टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्टोरेज, लेबलिंग, पानी की जांच, फूड हैंडलर्स की मेडिकल फिटनेस देखी। इस दौरान अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए।

होटलों में सफाई, जल निकासी, लेबलिंग और खाद्य सामग्री के रखरखाव से जुड़ी कमियां सामने आईं। एक होटल में सूरजमुखी के बीज में कीड़े चलते मिले। टीम ने मौके पर ही बीजों को नष्ट कराया। नियमों के उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य गुणवत्ता, स्वच्छता और उपभोक्ता स्वास्थ्य से जुड़े मानकों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एक रेस्टोरेंट में फसाई लाइसेंस उचित स्थान पर प्रदर्शित नहीं था। किचन प्लेटफॉर्म पर जंग मिली। खाना बनाने के कुछ बर्तनों की



सफाई ठीक नहीं थी। कुछ दरवाजों में ऑटोमैटिक क्लोजर नहीं थे। मिल्क प्रोडक्ट स्टोरेज के बाहर तापमान का उल्लेख नहीं था। कुछ खाद्य पदार्थों पर डिटैचेबल लेबल मिले। इनकमिंग फूड मटेरियल के बिल व्यवस्थित नहीं थे। मेडिकल फिटनेस रिकॉर्ड में आई टेस्ट व फिजिकल एग्जामिनेशन का उचित उल्लेख नहीं था।

**श्री बालाजी लैंडमार्क होटल-** 3 नमूने लिएः पनीर, मूंगफली और शक्कर बूरा किचन व आसपास जलभराव और फिसलन। फर्श पर एंटी-स्लिप रबर मैट नहीं थे। पुराने व अस्वच्छ चॉपिंग बोर्ड मिले। डस्टबिन के पैडल/ऑटोमैटिक सिस्टम में कमी मिली। स्टोरेज की कुछ ट्रे में जंग मिली। पानी की पेस्टीसाइड टेस्टिंग रिपोर्ट अधूरी मिली। ड्रेनेज व्यवस्था खराब मिली। सीलिंग से पानी का रिसाव मिला।

**होटल ग्रांड शेरेटन-** पनीर, सूरजमुखी के बीज और किशमिश के नमूने लिए। कुछ सूरजमुखी के बीज खराब स्थिति में मिले, मौके पर नष्ट कराए। पानी की पेस्टीसाइड टेस्टिंग रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। नॉन-पोरस चॉपिंग बोर्ड इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। किचन फ्लोर पर एंटी-स्लिप रबर मैट लगाने को कहा।

**रेडिसन रेड, स्कीम नंबर 54-** कुछ पैकेज्ड फूड प्रोडक्ट्स की लेबलिंग में कमियां मिलीं। फूड हैंडलर्स के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट/रिकॉर्ड निर्धारित प्रोफार्मा में नहीं मिले। दही, काजू टुकड़ी और मूंगफली के नमूने लिए।

**रेडिसन ब्लू, विजय नगर-** कुछ इम्पोर्टेड फूड प्रोडक्ट्स पर इम्पोर्टर की जरूरी जानकारी नहीं थी। इम्पोर्टर का नाम, पता और फसाई लाइसेंस संबंधी विवरण गायब थे।

---

आईटी पार्क फ्लायओवर

## डेडलाइन 6 महीने पहले समाप्त, काम आधा भी नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

रिंग रोड स्थित आईटी पार्क चौराहे पर 62 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे फ्लायओवर के निर्माण में लेटलतीफी के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। निर्माण कार्य के चलते यहां ट्रैफिक को सर्विस रोड पर डायवर्ट किया है, लेकिन सर्विस रोड संकरी होने से रोज करीब 1 किमी तक ट्रैफिक जाम हो रहा है। वाहनों को चौराहा क्रॉस करने में आधा घंटा तक लग रहा है। इस अव्यवस्था और खराब सड़क के कारण यहां से रोजाना गुजरने वाले करीब एक लाख लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौराहे पर ब्रिज का काम ढाई साल से जारी है, लेकिन अब तक केवल 40 से 50 फीसदी निर्माण ही पूरा हो पाया है। तीन इमली से राजीव गांधी चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर रोज वाहनों की लंबी कतार लग रही है।

**वाहनों की लंबी कतार :** सबसे ज्यादा समस्या तीन इमली की तरफ से आने वाले हिस्से में है, जहां पीक ऑवर में वाहन विशेष जूपिटर अस्पताल तक कतार में खड़े रहते हैं।

**रॉन्ग साइड ट्रैफिक और अवैध कटः** जाम से बचने के लिए दोपहिया, ऑटो और बड़े वाहन चालक बीच डिवाइडर के अवैध कट से रॉन्ग साइड गुजर रहे हैं, जिससे गाड़ियां फंस रही हैं।

**खराब सड़क और गड्ढे :** आईटी पार्क से राजीव गांधी चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर नई सर्विस रोड बनाई गई है, लेकिन चौराहे और उससे पहले वाले हिस्से में सड़क जर्जर है और गड्ढों के चलते परेशानी और ज्यादा बढ़ गई है। पियर के दोनों तरफ कैप की कास्टिंग का काम करने के चलते सर्विस रोड की चौड़ाई को कम करना पड़ा है। वो बन जाएगी तो आने-जाने के लिए और जगह मिल सकेगी और अभी की बैरिकेडिंग के अंदर से भी वाहन गुजर सकेंगे।

---

## 9 नए डिपो बनेंगेः6 माह में 520 नई बसें जुड़ेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रदेश में छह महीने में 486 पीएम ई-बस और 34 नई इंटरसिटी बसें शुरू करने की तैयारी है। इससे बसों की संख्या बढ़कर 2027 तक 1100 करने का लक्ष्य है। नई बसों के लिए 9 नए डिपो बनेंगे। हर डिपो में 100 बसें खड़ी करने की क्षमता होगी। बसों के संचालन के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लाने की तैयारी है। यात्री परिवहन विजन समिट-2026 में विशेषज्ञों ने बसों की संख्या बढ़ाने के साथ रूट प्लानिंग, डिजिटल टिकटिंग, सुरक्षा, वित्तीय मॉडल और ग्रीन मोबिलिटी पर भी सुझाव दिए। इनका कहना है बसें बढ़ाने के साथ यह भी देखना होगा कि यात्रियों को किस रूट पर कितनी बसों की जरूरत है और किस समय कितनी फ्रीक्वेंसी रखी जाए। नई ई-बसों और डिपो विस्तार से हर साल 70 हजार टन कार्बन उत्सर्जन कम होने का अनुमान है। इसके लिए ईवी चार्जिंग बढ़ाने की जरूरत भी बताई। पुराने बस डिपो को आधुनिक मोबिलिटी हब में बदलने और वहां निजी निवेश की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया।

---

एमजीएम इंदौर का मामलाःछात्रों ने अंक बढ़ाकर ली गांवों में पोस्टिंग

## 500 अंक तक बढ़ाए, मार्च में हुई गड़बड़ी की शुरूआत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज, इंदौर में अनिवार्य बॉण्ड सेवा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टिंग की मेरिट में अंकों की गड़बड़ी सामने आई है। 19 छात्रों के वास्तविक अंकों और मेरिट में दर्ज अंकों में अंतर मिला है। इनमें दो छात्रों के 500-500 अंक ज्यादा दर्ज हैं। ज्यादा अंक होने से मेरिट में उनकी स्थिति बेहतर हुई और इसी मेरिट के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टिंग आवंटित की गई।

गड़बड़ी की शुरूआत मार्च में हुई। इंटर्नशिप कम्प्लीशन सर्टिफिकेट के लिए कॉलेज ने छात्रों से गूगल फॉर्म में अपने अंक भरवाए थे। छात्रों का आरोप है कि कुछ ने मूल अंकसूची में दर्ज अंकों के बजाय ज्यादा अंक भर दिए। कॉलेज ने इन अंकों का मूल अंकसूचियों से मिलान किए बिना डेटा आगे भेज दिया। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय (डीएमई) के स्तर पर भी मेरिट बनाने से पहले अंकों का सत्यापन नहीं किया गया।

गूगल फॉर्म में छात्रों के खुद दर्ज किए अंक ही बॉण्ड पोस्टिंग की मेरिट का आधार बन गए। इन्हीं से रैंक तय हुई और फिर ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टिंग आवंटित कर दी गई। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने कहा कि इस संबंध में जानकारी मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

रिकॉर्ड के अनुसार अनुज यादव के वास्तविक अंक 2255 हैं, जबकि दर्ज अंक 2755 हैं। इसी तरह योगेंद्र के 2441 के बजाय 2941 अंक दर्ज किए गए। दोनों के मामलों में 500-500 अंकों का अंतर है। आर्यन के 2477 के बजाय 2956, लोकेन्द्र राजे के 2424 के बजाय 2800, देवांश के 2518 के बजाय 2867 और सीमा के 2589 के बजाय 2910 अंक दर्ज किए गए। इन बढ़े हुए अंकों का असर मेरिट में दिखा। आर्यन जैन 44वें, योगेंद्र 55वें और सीमा 100वें क्रम पर रहे। वहीं देवांश जायसवाल 163वें, लोकेन्द्र राजे 319वें और अनुज यादव 484वें क्रम पर रहे।

### इन्हीं अंकों से हुई है पोस्टिंग

बॉण्ड पोस्टिंग आदेश में भी इन छात्रों के नाम शामिल हैं। आर्यन जैन को नीमच, योगेंद्र को राजगढ़ के पीएचसी मालावर, सीमा अहिरवार को विदिशा के सीएचसी कुरवाई और अनुज यादव को टीकमगढ़ के सीएचसी बड़ागांव में पोस्टिंग मिली। देवांश जायसवाल को नीमच और लोकेन्द्र राजे को ग्वालियर के सीएचसी भितरवार में पदस्थ किया गया है।

### हम मामले की जांच कर रहे हैं

इस संबंध में हमें जानकारी मिली है। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

**- डॉ. अरविंद घनघोरिया, डीन, एमजीएम कॉलेज**

---

सोनिला की मौत के खुलासे के करीब पुलिसः फॉरेंसिक डॉक्टरों की पैनल से ओपिनियन

# रूम में हुआ था विवाद, मौत का कारण सिर्फ फंदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के तिलक नगर के होटल एलेक्स में ब्यूटीशियन सोनिला शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की जांच में पुलिस अब घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

पुलिस ने शुक्रवार देर रात महिला के दोस्त दीपक खंडेलवाल को बायपास इलाके से हिरासत में लिया। इसके बाद उससे लगातार अलग-अलग दौर में पूछताछ की गई। करीब 18 घंटे से ज्यादा चली पूछताछ में होटल के कमरे में हुए विवाद से लेकर सोनिला की मौत और उसके बाद दीपक के वहां से जाने तक के घटनाक्रम को क्रॉसचेक किया गया।

जांच में सामने आए बिंदुओं में पता चला कि सोनिला और दीपक काफी समय से संपर्क में थे। दोनों के बीच कई बार विवाद की बात भी सामने आई। दीपक के बयानों को पुलिस होटल स्टाफ, पोस्टमॉर्टम और साइबर जांच से मिले इनपुट के साथ मिलाकर देख रही है। वहीं



महिला की मौत का क्या कारण रहा, इसके लिए पुलिस ने फॉरेंसिक डॉक्टरों की पैनल से ओपिनियन ले रहे है।

प्राइवेट अस्पताल से ही दीपक ने सोनिला के परिवार को घटना के बारे में बताया। परिवार के लोगों की दीपक से कहासुनी हुई, तो दीपक अस्पताल से चला गया।

पुलिस पूछताछ में भी सामने आया है कि उसने परिवार के सदस्यों को होटल में हुए घटनाक्रम की जानकारी दी। इधर, जब पुलिस दीपक के परिवार से पूछताछ करने पहुंची, जिसके बाद दीपक ने पुलिस से संपर्क किया और अंततः पुलिस की पकड़ में आ गया।

**18 घंटे से ज्यादा पूछताछ, बयानों का क्रॉसचेक-** दीपक को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उससे एक ही बार में पूछताछ करने के बजाय अलग-अलग दौर में सवाल किए। होटल पहुंचने, कमरे में विवाद, अस्पताल ले जाने और उसके बाद जाने तक की पूरी टाइमलाइन तैयार की जा रही है।

पूछताछ में जहां भी बयानों में अंतर सामने आया, वहां दोबारा सवाल किए गए। पुलिस यह भी जांच रही है कि घटना के दौरान कमरे में वास्तव में क्या हुआ था और सोनिला की मौत के लिए जिम्मेदार परिस्थितियां क्या थीं।

### होटल पहुंचने के बाद ही हुआ घटना

पुलिस पूछताछ में सामने आए घटनाक्रम के अनुसार 9 सितंबर को सोनिला और दीपक तिलक नगर स्थित होटल एलेक्स पहुंचे थे। कमरे में जाने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि कमरे में क्या हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फंदे से महिला की मौत की बात सामने आ रही है। अब ये फंदा आत्महत्या का था या हत्या का, पुलिस इसकी जांच में जुटी है। फंदे के लिए सामान्य रस्सी के बजाय बेड पर बिछाने वाले रनर (कपड़ा) का इस्तेमाल की बात भी सामने आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोनिला के मुंह से झाग निकल रहा था। इसके बाद दीपक घबरा गया और होटल स्टाफ की मदद से सोनिला को अस्पताल ले गया था।

### पोस्टमॉर्टम और साइबर जांच से मिले अहम सुराग

सोनिला की मौत के बाद गुरुवार को ही पोस्टमॉर्टम कराया गया था, लेकिन मौत की परिस्थितियां स्पष्ट नहीं होने के कारण पुलिस विस्तृत पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी। मामले में फोरेंसिक डिपार्टमेंट द्वारा ऑनलाइन प्रोसेस के तहत शुक्रवार शाम को पीएम रिपोर्ट शासन के पोर्टल पर अपलोड कर दी है, जो पुलिस को मिल गई है। दूसरी ओर, पुलिस बयानों और तकनीकी इनपुट को दीपक के बयान और अन्य साक्ष्यों से मिलाकर देख रही है। अब इस मामले में पुलिस महिला के परिवार के लोगों के भी बयान दर्ज करेगी। जांच के दौरान एक और तथ्य सामने आया है। शुरूआती जानकारी में दीपक को पाइप कारोबारी बताया जा रहा था, लेकिन पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि वह खुद पाइप का कारोबार नहीं करता था।

## हरदा में जीजा की हत्या का आरोपी साला गिरफ्तार

**हरदा।** हरदा जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के धनवाड़ा गांव में हुई एक हत्या के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी बाबूलाल पिता छगनलाल धुर्वे को पकड़ा और कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी बाबूलाल अपने पिता के साथ गाली-गलौज कर रहा था। इस दौरान उसके जीजा गुलाब ऊईक ने उसे ऐसा करने से रोका। इससे गुस्सा होकर बाबूलाल ने अपने जीजा पर लाठी से हमला कर दिया। गुलाब के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक गुलाब की पत्नी ने बताया कि वह अपनी सास को डॉक्टर को दिखाने गई थी। जब वह वापस लौटी, तो उसका भाई (बाबूलाल) उसके पति के साथ झगड़ा कर रहा था। गुलाब की मौत शुक्रवार को इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई थी। छीपाबड़ थाना टीआई संतोष चौहान ने बताया कि आरोपी बाबूलाल को उसके गांव से 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

## दमोह में शराब पीने के बाद युवक की मौत, उल्टियां होने के बाद जिला अस्पताल लाया था

**दमोह।** दमोह जिले के कुमारी थाना क्षेत्र के छोटी देवरी गांव में युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शनिवार रात उसे जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि युवक ने शराब पी थी, जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी थीं। मृतक की पहचान ज्ञानी सिंह यादव (35) के रूप में हुई है, जो छोटी देवरी का रहने वाला था। शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। मृतक के भाई मुकेश यादव ने बताया कि शनिवार को ज्ञानी पटेरा तहसील में एक पेशी के लिए गए थे। शाम को उन्होंने पटेरा में शराब पी। घर पहुंचने पर उन्हें उल्टी हुई, जिसमें शराब की बदबू आ रही थी। भाई तुरंत अन्य परिजनों के साथ ज्ञानी को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। भाई का कहना है कि उनके छोटे भाई की मौत शराब पीने से ही हुई है।

## भोपाल में पहले धमकी दी, फिर 10 राउंड फायर

**भोपाल।** रातीबड़ के गोरेगांव में कारोबारी संतोष सिंह तोमर के घर के बाहर फायरिंग का मामला अब धमकी से शुरू होकर फायरिंग और उसके बाद भी धमकी जारी रहने की कड़ी से जुड़ गया है। फरियादी पक्ष का दावा है कि फायरिंग से पहले उन्हें फोन पर धमकियां दी गईं और वारदात के बाद भी दबाव बनाने का सिलसिला जारी रहा। इस संबंध में फरियादी पक्ष ने ऑडियो रिकॉर्डिंग भी जारी की हैं। इन 6 ऑडियो में एक व्यक्ति फरियादी को गालियां देते हुए भोपाल में काम नहीं करने की धमकी देता सुनाई दे रहा है। वह खुद को मुरैना निवासी सौरभ चौहान बताता है और कहता है कि वह ग्वालियर से जमीन का काम करने आया है। बातचीत में वह जमीन से जुड़े विवाद का हवाला देते हुए फरियादी को चुनौती देता है। हालांकि ऑडियो की आवाज और उसमें किए गए दावों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। भोपाल के रातीबड़ थाना क्षेत्र के गोरेगांव में अवैध प्लॉटिंग की शिकायत करने वाले 60 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी संतोष सिंह तोमर के घर के बाहर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे फायरिंग हुई।

## छिंदवाड़ा के पोआमा की नर्सरी में महिला का शव मिला

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा देहात थाना क्षेत्र के पोआमा इलाके में शनिवार शाम नर्सरी के अंदर महिला का शव मिलने से इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार महिला की मौत करीब 24 घंटे पहले हुई होगी। शव पर चीटियां लगी हुई थीं। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। देर रात तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की जानकारी जुटा रही है। महिला की पहचान होने के बाद उसके परिजन और घटनाक्रम से जुड़ी जानकारी सामने आने की उम्मीद है। पुलिस घटनास्थल से मिले सुरागों और महिला की पहचान के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। हत्या की आशंका को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## बांधवगढ़ के 200 गाइडों को मिल रही ट्रैनिंग

**उमरिया।** उमरिया के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 1 अक्टूबर से पर्यटन सीजन शुरू हो रहा है। इसके लिए प्रबंधन तैयारियों में जुटा है। पर्यटकों को जंगल, वन्यजीव और बांधवगढ़ की विरासत की बेहतर जानकारी मिल सके, इसके लिए करीब 200 गाइडों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसे जंगल की पाठशाला नाम दिया गया है। ट्रेनिंग के दौरान गाइडों को फील्ड विजिट कराई जा रही है। उन्हें वन्यजीवों के पैरों के निशान, उनकी गतिविधियों और जंगल में मिलने वाले अलग-अलग पक्षियों की पहचान करना सिखाया जा रहा है।

### मध्य प्रदेश के 18 जिलों में भारी बारिश का अलट

# बड़वानी में सिस्टम का असर ज्यादा; यहां तेज पानी गिर सकता है

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल





मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्से- इंदौर और उज्जैन संभाग में मानसूनी सिस्टम की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी रहेगी। शनिवार को इंदौर, धार, बड़वानी, रतलाम, भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई। सतना के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ गया। मौसम केंद्र के मुताबिक, रविवार को 18 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है।

अगले 24 घंटे के अंदर धार और बड़वानी में अति भारी बारिश हो सकती है। इंदौर, उज्जैन, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, हरदा, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ और आलीराजपुर में भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, भोपाल, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, नीमच, आगर-मालवा, शाजापुर, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोक नगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश जारी रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में बंगाल की खाड़ी की ओर एक लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) सक्रिय है। वहीं, मानसून ट्रफ प्रदेश के दक्षिणी हिस्से से होकर गुजर रही है। इस वजह से अगले 2 दिन बारिश का दौर बना रहेगा।

### 33 जिलों में 1% से 55% तक कम बारिश

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 1% तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडौरी, दमोह, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, मंडला, रीवा, सागर, सिवनी में 2% से 26% तक कम बारिश हुई है। पिछले एक सप्ताह में यह आंकड़ा काफी सुधरा है। बीते एक सप्ताह से यहां के कई जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इससे आंकड़े में सुधार आया और सीजन में पहली बार पूर्वी हिस्सा आंकड़ों में बेहतर रहा है, लेकिन बुधवार तक आंकड़ा एक प्रतिशत हो गया। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, खंडवा, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 1% से 55% कम पानी गिरा है।

### महावीर स्वामी के जन्म वाचन पर गूंजे जयकारे, 14 महास्वप्न दर्शन कर भक्ति में झूम उठे श्रद्धालु

# नयापुरा श्री संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्मोत्सव, दीपों और आकर्षक रंगोली से सजा मंदिर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



पर्युषण महापर्व के अवसर पर श्री त्रिस्तुतीक जैन श्री संघ नयापुरा द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परम पूज्य साध्वी श्री नेमी निधि श्री म.सा. की पावन निश्रा में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत मंदिर को दीपकों से रोशन कर मनमोहक रंगोली से सजाया गया। श्री संघ के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पगारिया और जयेश भण्डारी ने बताया कि भगवान का जन्म वाचन होते ही उपस्थित सभी पुरुष व महिलाएं भक्ति में झूम उठे और भगवान को अक्षत से बधाया गया। जन्म वाचन का सफल संचालन राजेश पगारिया और संजील लूंकड़ ने किया।

कार्यक्रम के दौरान माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 महास्वप्नों में से महालक्ष्मी देवी जी के स्वप्न का लाभ झमुबाई बसंतीलाल गिरिया परिवार ने लिया। भगवान के मुनीम बनने का लाभ सुरेशचंद हितेश पगारिया और पालना जी का लाभ मनीष व आशीष विशाल पीपाड़ा परिवार को मिला। भगवान की आरती का लाभ डॉ. पुष्पेन्द्र जैन, चित्रा जैन व यश जैन परिवार ने तथा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वर जी म.सा. की आरती का लाभ निलेश कुमार रचित कुमार नाहटा परिवार ने प्राप्त किया। कुमारपाल महाराजा बनकर आरती का लाभ प्रखर कुमार व चेल्सी गिरिया परिवार ने लिया। सभी लाभार्थियों का बहुमान करने का लाभ मांगीलाल, सुनिलकुमार, पलाश और हिमांशु डांगी परिवार ने लिया।

**समाजजनों की रही गरिमामय उपस्थिति**

इस अवसर पर श्री संघ अध्यक्ष सुरेश पगारिया, कपील सकलेचा, नवीन गिरिया, प्रकाश गादिया, राजमल चत्तर, माणकलाल चत्तर, पुष्पेन्द्र जैन, निलेश संघवी, प्रवीण गादिया, श्रेणीक बाफना, मांगीलाल डांगी, परिषद अध्यक्ष अंशुल गिरिया, सौरभ चौरड़िया, महिला परिषद अध्यक्ष कुसुम चोपड़ा, सचिव रोशन चौरड़िया, बहुपरिषद अध्यक्ष रानी, सचिव प्रीती गादिया, तरुण व यश सकलेचा तथा ऋषभ चत्तर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# इंदौर में 24 घंटे खुले बाजार, मुख्यमंत्री के गृह जिले में रात 10 बजे दुकानें बंद

### उज्जैन में सख्ती को लेकर कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने उठाए सवाल, आगामी गणेश उत्सव की व्यवस्था पर जताई चिंता, कहा- नहीं संभल रहा तो इस्तीफा दें

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुख्यमंत्री के गृह जिले उज्जैन के फ्रीगंज सहित अन्य क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन द्वारा रात 10 बजे व्यापारियों की दुकानें बंद कराने को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भरत पोरवाल ने कहा कि जब इंदौर में 24 घंटे खाने-पीने की दुकानें चालू रह सकती हैं, तो उज्जैन प्रशासन रात 11 बजे तक भी बाजार क्यों चालू नहीं रख पा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उज्जैन प्रशासन से व्यवस्था नहीं संभल रही है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

भरत पोरवाल ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर निगम सीमा के बाहर शराब की दुकानें रात 11 बजे के बाद तक चालू रहती हैं, जिसके कारण उन बाहरी क्षेत्रों में लगातार अपराध हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि ऐसे लापरवाह प्रशासन से तत्काल इस्तीफा ले लेना चाहिए।

आगामी त्योहारों को लेकर चिंता जताते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि भगवान महाकाल की नगरी में अब गणेश उत्सव शुरू होने वाले हैं। ऐसे में जो प्रशासन सामान्य दिनों में 11 बजे तक बाजार की व्यवस्था नहीं संभाल पा रहा है, वह इतने बड़े त्योहारों को कैसे संभालेगा।

### दतिया लोक अदालत में पहली बार 1 रुपए में समझौता

**दतिया।** दतिया लोक अदालत में शनिवार को सड़क हादसे से जुड़े एक क्लेम केस में पक्षकारों के बीच महज एक रुपए में राजीनामा हुआ। इसे दतिया में लोक अदालत के इतिहास में पहली बार एक रुपए की राशि पर हुआ राजीनामा बताया गया है। मामला 14 नवंबर 2023 का है। रिछरा तिराहा पर राजू कुशवाहा और अरविंद पाल की बाइक आपस में टकरा गई थी। हादसे में अरविंद की मौत हो गई थी, जबकि राजू घायल हुआ था। राजू ने अरविंद की पत्नी पूजा पाल के खिलाफ क्लेम याचिका दायर की थी। शनिवार शाम को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय चंद्र और अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की सविता जड़िया की मौजूदगी में दोनों पक्षों को समझाइश दी गई। सहमति बनने पर एक रुपए में राजीनामा तय हुआ। लोक अदालत में जिला व तहसील स्तर पर गठित 20 खंडपीठों में 931 लंबित और 122 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हुआ। मोटर दुर्घटना क्लेम के 26 मामलों में 2.14 करोड़ रुपए से अधिक की समझौता राशि तय हुई।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी जब्त वैन नहीं मिली

ब्रह्मास्त्र ›› दतिया

दतिया के इंदरगढ़ थाने में जब्त मारुति वैन को कोर्ट के सुपुर्दगी आदेश के बाद भी फरियादी को नहीं सौंपने और उसे कबाड़ में बेचने का आरोप लगा है। वाहन मालिक जितेंद्र तिवारी का कहना है कि शनिवार को जब वह कोर्ट का आदेश लेकर थाने पहुंचा तो उसे बताया गया कि उसकी वैन गलती से कबाड़ में कट चुकी है। आरोप है कि इसके बाद उससे राजीनामा कर पैसे लेने के लिए कहा गया और शिकायत करने पर कार्रवाई की धमकी दी गई।

जितेंद्र तिवारी पिता अशोक तिवारी, निवासी वार्ड नंबर 8 इंदरगढ़ के अनुसार, वर्ष 2022-23 में जौरनियां के पास अवैध शराब तस्करी के मामले में उसकी मारुति वैन क्रमांक टढ 07 ळ 1460 पुलिस ने जब्त की थी। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी ड्राइवर की जमानत भी हो चुकी है। मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सेवढ़ा आरती रतोनिया ने 10 सितंबर को वाहन की सुपुर्दगी देने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए थे। जितेंद्र 11 सितंबर को आदेश लेकर थाने पहुंचा। उसके मुताबिक प्रधान आरक्षक पुष्पराज सिंह ने उसे बताया कि वैन धोखे से कबाड़ में कट गई है और राजीनामा कर पैसे ले लो। जितेंद्र का कहना है कि उसे वाहन चाहिए, पैसे नहीं।

### समाज की एकजुटता से मजबूत होगा राजनीतिक आधार, 2028 के चुनाव पर मंथन

# बलाई समाज एकता महासंघ की बैठक में बनी रणनीति, नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



पंथ पिपलाई में शनिवार को अखिल भारतीय बलाई समाज एकता महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवलाल बोराना की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती और आगामी 2028 के चुनावों को लेकर सामूहिक रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान महासंघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई।

बैठक में उज्जैन सहित इंदौर, सांवेर, देवास और आसपास के जिलों से समाजसेवी और समाजजन शामिल हुए। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि समाज में अलग-अलग स्तर पर कार्य कर रही समितियों को एक मंच पर लाकर सामूहिक शक्ति को मजबूत करने की आवश्यकता है। किसी व्यक्ति के आगे बढ़ने पर आलोचना के बजाय उसका हौसला बढ़ाना चाहिए। समाज का राजनीतिक आधार तभी मजबूत होगा, जब सभी संगठन व्यक्तिगत नेतृत्व से ऊपर उठकर समाजहित को प्राथमिकता देंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवलाल बोराना ने नई पीढ़ी को संगठन से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को आगे लाकर उन्हें नेतृत्व के अवसर देना आवश्यक है। बैठक में मौजूद समाजसेवियों ने 2028 के चुनाव को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित किया कि अगले दो वर्षों में एकजुट होकर किसी योग्य व्यक्ति को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। साथ ही महासंघ की गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की गई। बैठक के दौरान महासंघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें भगवान सिंह जाधव और इंदु सिंह पारगी को राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया गया। हरिशंकर पाटनिस, तेजकरण परमार और भगवान सिंह परिहार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व महेंद्र सिंह डाबी को और उज्जैन जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी जगदीश सिंह शिंदल को सौंपी गई।

## सागर शराबकांड में कलेक्टर का एक्शन, आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

ब्रह्मास्त्र ›› सागर

सागर के बंडा में हुए जहरीली शराबकांड के मामले में पुलिस और प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। गिरफ्तारी और अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई के बाद अब प्रशासन ने आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त कर दिए हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आयुध अधिनियम 1959 के प्रावधानों के तहत बंडा और बहेरिया थाना क्षेत्रों से जुड़े तीन मामलों में शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सागर के प्रतिवेदन, दर्ज आपराधिक प्रकरणों और लोक शांति व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है। प्रशासन ने शस्त्रों के संभावित दुरुपयोग की आशंका को भी कार्रवाई का आधार बनाया है। शराबकांड के आरोपी सोहन राजपूत पिता उमराव सिंह राजपूत निवासी ग्राम ततरवारा का 12 बोर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया गया है। इसी गांव की हेमलता राजपूत पति चंदू उर्फ चंद्रभान सिंह राजपूत का एनपी बोर रायफल का लाइसेंस भी रद्द किया गया है। प्रशासन ने लाइसेंसी शराब ठेकेदार और शराबकांड के आरोपी सिद्धार्थ कुशवाहा पिता विक्रम कुशवाहा निवासी ग्राम रूसल्ला के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए हैं।

# हनुमान प्रतिमा की आज होगी प्राण प्रतिष्ठा, रतलाम में असामाजिक तत्वों ने तोड़ी थी, हिंदू संगठनों ने जताया था विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



रतलाम के अशोक नगर ग्रीन सिटी स्थित गंगा जरिया शिव मंदिर में रविवार, 13 सितंबर को हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। कार्यक्रम सुबह 11 बजे होगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर में महाआरती की जाएगी। मंदिर परिसर में नई प्रतिमा की स्थापना को लेकर हिंदू संगठनों और समाज के लोगों की मौजूदगी में तैयारियां की गई हैं।

करीब 12 दिन पहले मंदिर परिसर में लगी करीब डेढ़ फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया था। जानकारी मिलने के बाद हिंदू संगठनों ने विरोध जताया था। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने का घेराव किया गया और सड़क पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया गया था। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ था। इसके अगले दिन अधिकारियों ने मंदिर पहुंचकर मौके की जांच की थी। सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में दो सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए।

### निजी जमीन पर बना है मंदिर

प्रशासन की जांच में सामने आया कि मंदिर निजी जमीन पर बना हुआ है। जमीन के मालिक वर्तमान में बैंगलोर में रहते हैं। मंदिर और आसपास की जमीन की देखरेख के लिए एक केयरटेकर रखा गया है। जांच के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने केयरटेकर को भी मौके पर बुलाया था। हिंदू संगठनों के पदाधिकारी भी मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान मंदिर का रंग-रोगन कराने और परिसर को व्यवस्थित करने के साथ नई हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराने पर सहमति बनी।

### आज होगी प्राण प्रतिष्ठा और महाआरती

सहमति के बाद मंदिर परिसर को व्यवस्थित किया गया। अब रविवार सुबह 11 बजे हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

## खड़े हनुमान विवाद में संजय अग्रवाल के बिगड़े बोल, कांग्रेस ने बताया अपरिपक्व

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में खड़े हनुमान मंदिर के विस्थापन को लेकर चल रहे विवाद में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के एक बयान पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। अग्रवाल द्वारा मंदिर का समर्थन कर रहे लोगों को दुकानदार बताने पर शहर कांग्रेस ने कड़ी निंदा करते हुए उन्हें अपरिपक्व नेता करार दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि अग्रवाल संतों और हनुमान भक्तों का अपमान कर रहे हैं और पूर्व में महाकाल का प्रसाद भी झूठा कर चुके हैं। संजय अग्रवाल ने बयान दिया था कि मंदिर हटाने में हो रही देरी के पीछे वे लोग हैं जिनकी दुकान नहीं चल रही है या जिन्हें जनता पूछ नहीं रही है। उन्होंने विधायक चिंतामणि मालवीय को भी अपने क्षेत्र की चिंता करने और दूसरी जगह ध्यान न देने की बात कही थी। इस बयान को लेकर कांग्रेस नेता मुकेश भाटी ने आरोप लगाया कि खड़े हनुमान मंदिर में सेवा करने वाले और धर्म की लड़ाई लड़ने वाले संतों और वहां पहुंच रहे हनुमान भक्तों को भाजपा नगर अध्यक्ष दुकानदार बता रहे हैं। किसी भी व्यक्ति या संत-महात्मा को इस तरह दुकानदार कहना शर्मनाक है और कांग्रेस पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है।

## इंडोनेशिया का 240 यात्रियों वाला जहाज लापता:जावा सागर में संपर्क टूटा

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया में 240 लोगों को लेकर जा रहे यात्री जहाज विर्गो ट्रांसपोर्ट 8 से जावा सागर में संपर्क टूट गया। जहाज पूर्वी जावा के सुराबाया से बोर्नियो द्वीप के दक्षिण कालीमंतन प्रांत की राजधानी बंजर्मासिन जा रहा था। संपर्क टूटने के बाद रविवार को इंडोनेशियाई रेस्क्यू टीम ने जहाज की तलाश शुरू कर दी। बंजर्मासिन सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के मुताबिक, जहाज के रास्ते में कम्युनिकेशन फेलियर की जानकारी मिली थी। शुरूआती जानकारी में जहाज की आखिरी लोकेशन जावा सागर में बंजर्मासिन के एक पियर से करीब 148 किमी दूर बताई गई है। अधिकारियों के मुताबिक, जहाज से संपर्क टूटने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। अभी तक किसी यात्री के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। रेस्क्यू टीम जहाज की लोकेशन का पता लगाने में जुटी है।

## पुतिन से पहले पहुंच जाता है उनका टॉयलेट, जिनपिंग स्पेशल कार साथ लाते हैं



12-13 सितंबर को ब्रिक्स समिट के लिए दिल्ली में 20 से ज्यादा देशों के नेता होंगे। इनमें जिनपिंग, पुतिन, पजशकियान जैसे बड़े खतरे वाले नेता शामिल हैं। इनके लिए दिल्ली की किलेबंदी की गई है।







# मुंबई में तेज बारिश, सड़कें जलमग्न, एयरपोर्ट के आसपास पानी

### शिमला के जंगल में लैंडस्लाइड; बिहार में बाढ़ प्रभावित लोगों का आंकड़ा 48 लाख पहुंचा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली/मुंबई**

मुंबई और वसई-विरार में रात से तेज बारिश हो रही है। लगातार बारिश के कारण सायन के प्रतीक्षा नगर इलाका और छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास पानी भर गया हैं। वहीं नालासोपारा में सेंटर पार्क और तुलिंज ब्रिज समेत कई सड़कें भी डूब गई हैं। हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित फांचा कांडे इलाके में बारिश के बीच जंगल का एक हिस्सा धंस गया। इससे दर्जनों देवदार के पेड़ गिर गए। मौसम विभाग ने हिमाचल में 18 सितंबर तक बारिश का अनुमान जताया है। इस मानसून सीजन राज्य में 296 लोगों की मौत और 520 लोग घायल हुए हैं।



वहीं बिहार में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। 15 जिलों में करीब 48.22 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा सहित कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। भागलपुर में श्मशान घाट डूबने से सड़क किनारे चिताएं जल रही हैं। सुल्तानगंज में श्मशान घाट पानी से घिरकर टापू बन गया है। दानापुर में लोगों को कंधे तक पानी में उतरकर राशन लेने जा पड़ रहा है। ओडिशा में कम दबाव के क्षेत्र के कारण लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई जगह सड़कें और पुल डूब गए हैं। मलकानगिरी सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां 24 घंटे में 804 मिमी बारिश दर्ज की गई।

उत्तराखंड के सभी जिलों में आज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बागेश्वर में सुबह से तेज बारिश हो रही है। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भी कहीं-कहीं आकाशीय बिजली चमकने की आशंका है।

हिमाचल प्रदेश में मानसून अब कमजोर पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के ताजा अनुमान के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक प्रदेश में मौसम सामान्य रहने की संभावना है। इस दौरान भारी बारिश की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है और पूरे प्रदेश के लिए ग्रीन अलर्ट है।

पंजाब में आज 13 सितंबर से मानसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ेगा। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन यानी 17 सितंबर तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। चंडीगढ़ में भी बादल छाए रहने और बारिश का पूवार्नुमान है। मौसम विभाग की ओर से इस संबंध में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### आपसी संबंध लंबे चले; गलवान झड़प के बाद चीन से इम्पोर्ट दोगुना हुआ


# मोदी-जिनपिंग बोले- मतभेद विवाद में न बदलें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने दिल्ली में ब्रिक्स समिट से अलग चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय बैठक की। यह मीटिंग करीब 50 मिनट चली। मोदी और जिनपिंग ने इस बात पर भी सहमति जताई कि मतभेदों को विवाद नहीं बनने देना चाहिए और संबंध लंबे चलने चाहिए। पीएम मोदी ने जोर दिया कि दोनों देशों के संबंध तीन पारस्परिक सिद्धांतों- सम्मान, संवेदनशीलता और हित से जुड़े होने चाहिए। जिनपिंग करीब 7 साल बाद भारत आए हैं। गलवान झड़प के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है। जिनपिंग इससे पहले 11 अक्टूबर 2019 को भारत आए थे। 15 जून 2020 को गलवान झड़प हुई थी। इसके बाद भारत-चीन रिश्तों में तनाव बढ़ा, लेकिन कारोबार नहीं रुका। 2020-21 में चीन से भारत का आयात करीब 65 अरब डॉलर था, जो 2025-26 में बढ़कर 132 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया। यानी गलवान झड़प के बाद चीन से आयात दोगुना हो गया है।

पीएम मोदी ने कहा, मैं भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान चीन से मिले समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। अब हमारे पास द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने का अवसर है। एक बार फिर, आपका भारत में हार्दिक स्वागत है।

जिनपिंग बोले- चीन ने हमेशा भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाए रखने का समर्थन किया है। हालांकि हमारे दोनों देशों की राष्ट्रीय परिस्थितियां अलग हैं, फिर भी हम एक-दूसरे की खूबियों से पूरी तरह सीख सकते हैं।



#### 2019: महाबलीपुरम आए थे जिनपिंग

प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग 11 अक्टूबर, 2019 को तमिलनाडु के महाबलीपुरम में 'कृष्णाज बटर बॉल' पर। यह जिनपिंग की आखिरी भारत यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग 11 अक्टूबर, 2019 को तमिलनाडु के महाबलीपुरम में 'कृष्णाज बटर बॉल' पर। यह जिनपिंग की आखिरी भारत यात्रा थी।
2019 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का तमिलनाडु के ऐतिहासिक तटीय शहर मामल्लपुरम (महाबलीपुरम) में पीएम मोदी ने स्वागत किया था। दोनों नेताओं ने पंच रथ और शोर मंदिर जैसे प्राचीन स्मारकों का भ्रमण करते हुए द्विपक्षीय संबंधों पर अनौपचारिक बातचीत की थी। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे को कम करने, आपसी विश्वास बढ़ाने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए उच्च स्तरीय तंत्र स्थापित करने पर सहमति बनी थी।

#### 2016: गोवा में शामिल हुए जिनपिंग

गोवा में ब्रिक्स समिट से पहले 15 अक्टूबर 2016 को चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग, प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारतीय अंदाज के कपड़ों में नजर आए थे। गोवा में ब्रिक्स समिट से पहले 15 अक्टूबर 2016 को चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग, प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारतीय अंदाज के कपड़ों में नजर आए थे।
2014: मोदी-जिनपिंग ने गुजरात में साथ में झूला झूला था
चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सितंबर 2014 में अपनी भारत यात्रा के दौरान सबसे पहले गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे थे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल से हटकर दिल्ली के बजाय अहमदाबाद में उनका स्वागत किया था।

## इटली की नेता और पूर्व विदेश मंत्री बोनिनो का निधन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इटली**

इटली की पूर्व विदेश मंत्री एमा बोनिनो को एक ऐसी महिला के रूप में याद किया जाएगा, जिसने अपनी निजी पीड़ा को लाखों महिलाओं के अधिकार की लड़ाई बना दिया। 26 साल की उम्र में जब उनका गर्भपात हुआ, तब इटली में यह गैरकानूनी था। इसके बाद उन्होंने तय किया कि दूसरी महिलाओं को एबॉर्शन के अपमान और असुरक्षित हालात से नहीं गुजरना पड़े। यूरोपीय आयुक्त भी रह चुकीं इटली की कद्दावर नेता एमा अपनी तीखी टिप्पणियों और मानवाधिकारों के प्रति अटूट निष्ठा के लिए जानी जाती थीं। उनका 78 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी पार्टी ह्यमोर यूरोपह्न ने कहा कि देश ने सबसे दूरदर्शी, साहसी और स्वतंत्र सोच वाली नेता को खो दिया है। 1974 में जब इटली में गर्भपात गैरकानूनी था, तब 26 वर्षीय एमा ने एक क्लिनिक में गर्भपात कराया। गर्भपात पर प्रतिबंध वाले 48 साल पुराने कानून के विरोध में पुलिस के सामने समर्पण किया। अपनी गिरफ्तारी से उपजी लहर को जनआंदोलन बनाया। दबाव में संसद ने 1978 में 48 साल पुराने 1930 के कानून को बदलते हुए गर्भपात को कानूनी मान्यता दी। इससे पहले तलाक का कानून भी बनाया गया था। एमा ने कभी विवाह नहीं किया। एमा ने वेटिकन चर्च के कड़े विरोध के बावजूद गर्भपात और तलाक को कानूनी दर्जा दिलवाने के अभियानों का नेतृत्व किया। महिला अधिकारों पर टकराव के बावजूद पोप फ्रांसिस के साथ उनकी अनूठी और गहरी दोस्ती भी थी। पोप फ्रांसिस अक्सर उनकी मानवीय पहलों की सराहना करते थे और उन्हें सबसे कमजोर तबके की आवाज उठाने वाली नेता कहते थे। 2015 में कैंसर का पता चलने के बाद भी एमा ने सार्वजनिक जीवन से दूरी नहीं बनाई। वह रंग-बिरंगे स्कार्फ पहनकर संसद से लेकर टीवी डिबेट्स में मानवाधिकारों की आवाज बुलंद करती रहीं।

### किराएदार ने जबरन घर में घुसने, खाना फेंकने के आरोप लगाए

# कनाडा में बीफ बनाने से रोकने पर भारतवंशी महिला गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कनाडा**

कनाडा में बीफ बनाने से रोकने को लेकर भारतवंशी मकान मालकिन और किराएदार के बीच विवाद हो गया। किराएदार का आरोप है कि मकान मालकिन ने उसका खाना फेंक दिया। महिला उसकी इजाजत के बिना घर में घुसीं और ताले बदल दिए। विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने भारतवंशी महिला को गिरफ्तार कर लिया। घटना कब की है, यह जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इससे जुड़े वीडियो शनिवार को वायरल हुए हैं। किराएदार ने बताया वह अपने एक दोस्त के साथ गार्डन में बारबेक्यू (ग्रिल) पर खाना बना रहा था। इसी दौरान मकान मालकिन राज तिवान वहां पहुंचीं और उन्हें रोकने लगीं। किराएदार ने वीडियो शेयर किए। इनमें राज तिवान दीवार पर पड़े निशानों की ओर इशारा करती नजर आ रहीं थीं। किराएदार ने उनसे वहां से जाने को कहा। इसके बाद दोनों के बीच बहस तेज हो गई। किराएदार के दोस्त ने मोबाइल से पूरी घटना रिकॉर्ड कर ली।

दूसरे वीडियो में राज तिवान बारबेक्यू पर रखा खाना फेंकती हुई दिखाई दीं। किराएदार ने इसका विरोध किया और आरोप लगाया कि वह उन्हें डराने की कोशिश कर रही हैं। वीडियो में वह कहती सुनाई दे रही हैं कि वह अपनी प्रॉपर्टी पर उन्हें खाना बनाने की इजाजत नहीं दे सकतीं। इसके बाद राज तिवान ने पुलिस बुलाने की बात कही। विवाद के बाद किराएदार ने इंस्टाग्राम अकाउंट से कई वीडियो पोस्ट किए। उसका दावा था कि बारबेक्यू को लेकर हुआ झगड़ा कोई अकेली घटना नहीं थी।



एक और वीडियो में महिला किराएदार के घर के अंदर जाती नजर आ रही थी। वीडियो में दोनों के बीच धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी दिखाई दी। इस दौरान किराएदार बार-बार तिवान को घर से बाहर जाने के लिए कहता रहा। किराएदार का आरोप है कि मकान मालकिन उसकी गैरमौजूदगी में घर में घुसीं और बाद में ताले भी बदल दिए।

### शादी से इनकार करने पर 16 साल छोटे लड़के ने गोली मारी


# अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय महिला की हत्या, सुसाइड किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कैलिफोर्निया**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल की महिला शालिनी ठाकुर की हत्या कर दी गई। आरोपी ने कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में मंगलवार को 38 साल की शालिनी का पीछा कर रेस्टोरेंट के बाहर गोली मार दी। आरोपी की पहचान 22 साल रोहित नाम के शख्स के तौर पर हुई। रोहित को जब पुलिस की टीम ने घेरा तो उसने अपने सिर में गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

शालिनी की मां सुदेश कुमारी ने बताया कि रोहित एक साल से 38 वर्षीय शालिनी का पीछा कर रहा था और उसे परेशान कर रहा था। उन्होंने बताया कि रोहित उनकी बेटी से शादी करना चाहता था लेकिन उम्र के अंतर की वजह से उसने मना कर दिया। इससे रोहित भड़का हुआ था। सैक्रामेंटो काउंटी शेरिफ ऑफिस के अनुसार, शालिनी सैक्रामेंटो के आर्डन आर्केड इलाके में एक शॉपिंग प्लाजा में काम करती थी। काम पर जाने के दौरान ही रोहित ने उसका पीछा किया। उसने शालिनी को एक रेस्टोरेंट के बाहर रोक लिया। शालिनी जान बचाने भागी, लेकिन रोहित ने पीछा किया और कई गोलियां मार दी।

लोगों ने पुलिस को संदिग्ध की गाड़ी का हुलिया बताया। गाड़ी की आखिरी लोकेशन जल्द ही पता चल गई। कुछ ही मिनटों बाद गाड़ी ईस्टबाउंड हाईवे 50 पर मिली। जब अधिकारियों ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की तो रोहित ने अचानक गाड़ी रोक दी।



#### जनवरी से कर रहा था पीछा

स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, रोहित जनवरी 2026 से शालिनी का पीछा कर रहा था। कई बार वह मदद करने के बहाने शालिनी की कार के टायरों की हवा निकाल देता था। वह काम पर जाते समय उसका पीछा करता था। एक बार उसने शालिनी के अपार्टमेंट की चाबी की कॉपी हासिल कर ली थी। इसके बाद वह हर कभी उसके घर में घुस जाता था। शालिनी ने मई में रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। कोर्ट ने रोहित को चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद, उसने शालिनी का पीछा नहीं छोड़ा था।


### तीन प्रधानमंत्रियों में नेतन्याहू के मेकअप का बिल सबसे ज्यादा; हेयर स्टाइलिस्ट के नाम छिपाए

# इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के मेकअप पर होते 4 करोड़ रुपए खर्च

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल**

इजराइल में प्रधानमंत्री के बालों की स्टाइलिंग और मेकअप पर 2019 से अगस्त 2026 तक करीब 4.7 लाख डॉलर यानी लगभग 4 करोड़ रुपए खर्च हुए। इसका खुलासा सूचना के अधिकार के तहत मिले सरकारी रिकॉर्ड से हुआ है।

दिसंबर 2025 में वकील यारा शलित ने ढट ऑफिस से इस खर्च की जानकारी मांगी थी। इसके बाद अलग-अलग साल और महीनों में हुए खर्च का ब्योरा जारी किया गया। इस दौरान पिछले 7 साल में तीन प्रधानमंत्री रहे- बेंजामिन नेतन्याहू, नफ्ताली बेनेट और याइर लैपिड। रिकॉर्ड के मुताबिक, बाल और मेकअप पर हुए कुल खर्च का करीब 90% हिस्सा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा पर हुआ। हालांकि, कई दस्तावेजों में उनके हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट के नाम छिपा दिए गए। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसके लिए राज्य की सुरक्षा का हवाला दिया। सितंबर से नवंबर 2023 के बीच प्रधानमंत्री के बालों की स्टाइलिंग पर करीब 2,600 डॉलर यानी 22 लाख रुपए और मेकअप पर करीब 1,580 डॉलर यानी 13 लाख रुपए खर्च हुए। अक्टूबर 2023 में अकेले हेयर स्टाइलिंग पर करीब 810 डॉलर यानी 68 हजार रुपए खर्च किए गए। पूरे 2023 में हेयर स्टाइलिंग और मेकअप पर करीब 1.03 लाख डॉलर यानी 86 लाख रुपए खर्च हुए। इसके मुकाबले 2022 में नफ्ताली बेनेट और याइर लैपिड के कार्यकाल के दौरान यह खर्च करीब 27,600 डॉलर यानी 23 लाख रुपए था। 2025 में प्रधानमंत्री के बालों और मेकअप पर सबसे ज्यादा पैसा खर्च हुआ। पूरे साल यह रकम करीब 93 लाख रुपए रही। विदेश यात्राओं में भी इस पर लाखों रुपए खर्च हुए। फरवरी 2025 में हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट की सेवाओं पर करीब 11 लाख रुपए खर्च किए गए। यह विदेश यात्रा के दौरान इस मद में सबसे बड़ा खर्च था। यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात के लिए हुई थी।



#### मेहमानों और कपड़ों पर भी नेतन्याहू का खर्च ज्यादा

बाल और मेकअप के अलावा प्रधानमंत्री के कपड़ों और मेहमानों की मेजबानी पर भी सरकारी पैसा खर्च होता है। इस मद में नेतन्याहू से जुड़े खर्च करीब 1.12 करोड़ रुपए रहे। इसके मुकाबले नफ्ताली बेनेट के लिए करीब 16 लाख रुपए और याइर लैपिड के लिए करीब 2.2 लाख रुपए खर्च हुए। हालांकि, सरकार ने गहनों, कपड़ों और इमेज कंसल्टिंग से जुड़े कुछ खर्चों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया। प्रधानमंत्री के हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट के नाम भी कुछ दस्तावेजों में छिपाए गए हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय ने राज्य की सुरक्षा का हवाला दिया। नेतन्याहू के बालों का रंग बदलना कोई नई बात नहीं है। पिछले कई सालों से इजराइली मीडिया उनके बालों के अलग-अलग रंगों पर रिपोर्ट करता रहा है। कभी उनके बाल गहरे भूरे दिखे, तो कभी ग्रे, सफेद, हरे या बैंगनी रंग के शेड में नजर आए। 2017 में उनके बदलते हेयर कलर पर इतनी चर्चा हुई कि उन्होंने खुद इस पर मजाक किया था। उन्होंने कहा था कि ह्यब्राउन नया ग्रे हैह्न। फिर कुछ हफ्तों में उनका पुराना ग्रे रंग वापस आ जाएगा। इसके कुछ साल बाद, 2021 में नेतन्याहू ने खुद अपने बालों के रंग का राज बताया। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वे ऐसा शैंपू इस्तेमाल करते हैं, जिससे बालों का रंग बदला जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रंग को लेकर किए गए प्रयोगों के दौरान उनके बाल कभी हरे, कभी भूरे और कभी बैंगनी हो गए थे।

■ वर्ष-12 अंक-310 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 13 सितम्बर, 2026

## सुभाषितानि

दानानां च समस्तानां चत्वार्यतानि भूतले।
श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा।।

**भावार्थ** : कन्यादान, गोदान, भूमिदान और विद्यादान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

तैलाद्रक्षेत् जलाद्रक्षेत्रक्षेत् शिथिल बंधनात्।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम्।।

**भावार्थ** : पुस्तक कहती है, तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन को ढीला मत होने दो, और मुझे मूर्ख के हाथों में मत डालो।

## सम्पादकीयम्

### भारतं विश्वं प्रति आह्वानं करोति

भारतं विश्वं प्रति आह्वानं करोति यत् इत्यत्र राज्यदमनस्य विरुद्धं हस्तक्षेपं कुर्वन्तु पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरे राज्यदमनं स्थगयितुं भारतेन अन्तर्राष्ट्रीयसमुदायस्य आह्वानं कृतम् अस्ति। जनाः शान्तिपूर्णविरोधं कुर्वन्ति स्म तदा पाकिस्तानसर्वकारेण कृतानां कायार्णां कारणेन चत्वारिंशत् नागरिकाः स्वप्राणान् त्यक्तवन्तः। भारतेन एतानि कार्याणि अस्वीकार्यानि इति उक्तम्। भारतेन अन्तर्राष्ट्रीयसमुदायेन हस्तक्षेपं कृत्वा पाकिस्तान-कश्मीरे राज्यदमनं स्थगयितुं आह्वानं कृतम्, तत्र प्रचलितं स्थितिं दृष्ट्वा एतत् कदमः पूर्णतया न्याय्यः। भारतेन अवलोकितं यत् पाकिस्तानसर्वकारेण कृतेषु कायेर्षु ४० नागरिकाः मारिताः यदा जनाः शान्तिपूर्वकं विरोधं कुर्वन्ति स्म। निर्वाचनेन सह सम्बद्धाः विरोधाः। क्षेत्रे प्रचलति निर्वाचनेन सह एषः विषयः बद्धः अस्ति। पोके ४५ आसनानां कृते विधानसभानिर्वाचनं भवति। एते निर्वाचनाः त्रयः चरणाः क्रियन्ते, अगस्तमासस्य १० दिनाङ्के समाप्ताः भवन्ति, कुलम् ५३ विधानसभासीनाः सन्ति; ४५ आसनानि प्रत्यक्षतया प्रतिस्पर्ध्यन्ते, ८ आसनानि महिलानां, टेक्नोक्रेट्, धार्मिकविद्वांसस्य च कृते आरक्षिताः सन्ति। विशालः धांधली। प्रथमचरणस्य निर्वाचनं जुलैमासस्य २७ दिनाङ्के अभवत्। अस्मिन् चरणे पाकिस्तानमुस्लिमलीगः (नवाज्) १३ मध्ये ९ आसनानि प्राप्तवान्, पाकिस्तानपीपुल्सपार्टी इत्यनेन शेषं ४ सीटानि सुरक्षितानि। अस्मिन् चरणे विशालः धांधली अभवत् पाकिस्तानदेशः अस्य प्रदेशस्य निरन्तरं उपेक्षां कृत्वा मानवअधिकारस्य उल्लङ्घनं कृतवान् इति कोऽपि रहस्यं नास्ति। बलूचिस्तानदेशे पाकिस्तानस्य अतिरेकाणां विषये अपि विश्वं सम्यक जानाति।

### शिवपुरीयां महिलाः मद्यस्य विरुद्धं उतिष्ठन्ति

## सरकारीदुकानस्य शटरं उद्घाट्य मद्यस्य प्रकरणं नालीयां पातयन्तु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिवपुरी



मध्यप्रदेशस्य सागरमण्डले विषाक्तमद्यस्य कारणेन मृत्योः अनन्तरं शिवपुरीमण्डले चतुर्थं दिवसं यावत् मद्यविरुद्धं महिलानां विरोधः अभवत्। शुक्रवासरे पचावली, माधा इत्यादिषु अनेकेषु ग्रामेषु मद्यविक्रयणस्य विरुद्धं महिलाः विरोधं कृतवन्तः। पचावली ग्रामे महिलाः एकस्य सर्वकारीयमद्यदुकानस्य शटरं भग्नाः, अन्तः संगृहीतस्य मद्यस्य केसाः बहिः कर्षयित्वा समीपस्थे नाले पातितवन्तः तदनन्तरं महिलाः माधाबसस्थानकं प्राप्य राजपूतधाबायां मद्यपानं कुर्वन्तः जनान् प्रेषितवन्तः। ढाबायां प्राप्तानि मद्यस्य, बीयरस्य च पुटं भग्नं कृत्वा तस्मिन् वस्तूनि स्थापयित्वा मार्गं अवरुद्धवन्तः।

श्रीवरी-चण्डावनीग्रामस्य ग्रामे-आदिवासीमहिलाः अपि अवैधदेशनिर्मितमद्यस्य विरोधार्थं मागारोधं कृतवन्तः। प्रायः पञ्चघण्टापर्यन्तं यातायातस्य बाधा अभवत्। यद्यपि पुलिसैः बहुवारं महिलाः अनुनयितुं प्रयत्नः कृतः तथापि ते मद्यनिषेधस्य आग्रहे अडिगाः आसन्। इदानीं मद्यदुकानेषु विध्वंसस्य, पुलिस-आबकारी-दलेषु आक्रमणस्य च विषये पुलिसैः कार्यवाही तीव्रता कृता अस्ति कुल ५० व्यक्तिनां विरुद्धं प्राथमिकीपत्राणि पञ्जीकृतानि, १५ अभियुक्ताः च पूर्वमेव गृहीताः सन्ति।

पचावली मध्ये दुकानस्य शटरः भग्नः मद्यः नालीयां पातितः शुक्रवासरे पचावलीग्रामे महिलानां क्रोधः तदा उत्पन्नः यदा ते सर्वकारीयमद्यस्य दुकानं प्राप्य विरोधं कर्तुं आरब्धाः। क्षणमात्रेण महिलाः दुकानस्य शटरं भङ्क्त्वा परिसरं प्रविश्य मद्यस्य प्रकरणं बहिः आकर्षितवन्तः। ततः एते प्रकरणाः नाले पातिताः आसन्। ग्रामे परिसरेषु च मद्यविक्रयणस्य परिवारेषु प्रतिकूलप्रभावः भवति इति महिलाः अवदन्; तेषां विरोधः एतान् विक्रयान् स्थगयितुं उद्दिष्टः आसीत्। घटनास्थले पुलिस आगत्य स्थितिं नियन्त्रणे आनेतुं प्रयत्नम् अकरोत्।

ढाबानगरे पिबन्तः जनाः अपि प्रेषिताः पचावल्याः अनन्तरं महिलानां समूहः माधबसस्थानकं प्रति प्रस्थितवान्। तत्र राजपूतधाबायां केचन जनाः मद्यपानं कुर्वन्तः अवाप्तवन्तः। तत्रैव मद्यपानं कुर्वन्तः जनान् स्त्रियः निष्कासितवन्तः। धाबा (मार्गपार्श्वे भोजनालये) प्राप्ताः मद्यस्य, बीयरस्य च शीशकाः भग्नाः अभवन्।

तदनन्तरं महिलाः धाबस्य सामानं मार्गे स्थापयित्वा यातायातस्य अवरुद्धं कृत्वा किञ्चित्कालं यावत् आवागमनं बाधितवन्तः। पुलिस-प्रशासनिकदलानि च घटनास्थले आगत्य महिलाभिः सह तर्कं कर्तुं प्रयतन्ते स्म।

श्रीवारी मे पंच घण्टा सडक नाकाबंदी श्रीवरीग्रामे (चण्डावनी-ग्रामे) आदिवासीमहिलाः अपि मार्गे अवैधमद्यविक्रयस्य विरोधं कृतवन्तः। ते मार्गे उपविष्टाः, येन नाकाबन्दी अभवत, येन प्रायः पञ्चघण्टापर्यन्तं यातायातस्य बाधा अभवत्। पुलिस-अधिकारिणः महिलाः नाकाबन्दी-समाप्त्यर्थं प्रेरयितुं प्रयतन्ते स्म, परन्तु ते मद्य-प्रतिबन्धस्य आग्रहे अडिगाः आसन्। तेषां आग्रहः आसीत् यत् क्षेत्रे अवैधमद्यविक्रये प्रभावी निरोधः अवश्यं भवितुमर्हति।

प्रशासनस्य सामना चुनौतीपूर्णा स्थितिः अस्ति यतः मण्डलस्य विभिन्नग्रामेषु महिलाः मद्यस्य विरुद्धं निरन्तरं अग्रे आगच्छन्ति। पूर्वं पुलिसैः महिलाभ्यः आह्वानं कृतम् यत् ते संयमं कुर्वन्तु, नियमं स्वहस्ते न गृह्णन्तु इति।

### सौरभं कः अगोर्रानगरं

## नीतवान्, तत्र कस्मिन् परिस्थितौ स्थापितः इति च अधुना पुलिसाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

द्वयोः मण्डलयोः पुलिसबलयोः समन्वयेन कार्यवाही त्वरिता अभवत्। घटनायाः अनन्तरं तत्क्षणमेव तकनीकीनिवेशानां संग्रहणं कृत्वा पुलिसैः सम्भाव्यक्षेत्रं ज्ञातुं साहाय्यं कृतम् यत्र सः निरुद्धः आसीत्। सौरभं कः अगोर्रानगरं नीतवान्, तत्र कस्मिन् परिस्थितौ स्थापितः इति च अधुना पुलिसाः निर्धारयितुं प्रयतन्ते। पुलिसपरीक्षायाः, अग्रे अन्वेषणस्य च अनन्तरं स्थितिः स्पष्टा भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

पुनर्प्राप्तेः अनन्तरं अन्वेषणं निरन्तरं भवति सौरभस्य सुरक्षितपुनर्प्राप्त्या यदा तस्य परिवाराय अपारं राहतं प्राप्तम्, तदा पुलिसस्य कृते अनेके प्रश्नाः अवशिष्टाः सन्ति। सौरभस्य अपहरणं कृतवन्तः इति कथिताः व्यक्तिः के आसन्? घटनायाः पृष्ठतः किं प्रेरणा आसीत्? किं पूर्वनियोजितं वा विवादानन्तरं सहसा घटनाः प्रवृत्ताः। थार-वृश्चिक-वाहनयोः का भूमिका आसीत्? एतेषां प्रश्नानाम् उत्तराणि पुलिस-अनुसन्धानस्य समये उद्भवन्ति इति अपेक्षा अस्ति। आगमनम् अपेक्षितम् अस्ति। घटनास्थलस्य समीपे उपस्थितानां जनानां सूचनाः अपि पुलिसैः संग्रहीतुं शक्नोति। विश्वविद्यालयपरिसरस्य अन्तः बहिश्च क्रियाकलापैः सम्बद्धानां व्यक्तिनां प्रश्नं कृत्वा आयोजनस्य विवरणं एकत्र स्थापयितुं प्रयत्नाः प्रचलन्ति।

### काण्डा एक्स्प्रेस्' आपूर्तिश्रृङ्खलायां नूतनकडिरूपेण उद्भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

पारिश्रमिकमूल्यं प्राप्तुं सुनिश्चितं करणीयम्। काण्डा एक्स्प्रेस्' आपूर्तिश्रृङ्खलायां नूतनकडिरूपेण उद्भवति वर्तमानबफरप्याजरणनीत्याः अन्तः 'काण्डा एक्स्प्रेस्' सर्वाधिकं उल्लेखनीयं उपक्रमरूपेण उद्भूतम् अस्ति। अस्मिन् उत्पादकप्रदेशेभ्यः दूरस्थप्रमुखविपण्यपर्यन्तं रेलमार्गेण बहुमात्रायां प्याजस्य परिवहनं अल्पकाले एव भवति । एषः उपायः मार्गपरिवहनस्य उपरि निर्भरतां न्यूनीकर्तुं साहाय्यं करोति तथा च प्रमुखनगरेभ्यः युगपत् बृहत् मालवाहनानां वितरणं सुलभं करोति। दिल्ली-चेन्नै-नगरयोः मालवाहनानां आगमनानन्तरं गुवाहाटी-नगरं प्रति अग्रिमस्य मालवाहनस्य सज्जीकरणं क्रियते।

## राशिफल

**मेष** : आज पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**वृषभ** : पैसे को रियल एस्टेट में निवेश करना चाहिए। शरीर को फिट रहने के लिए एक्सरसाइज से दिन की शुरूआत करें।

**मिथुन** : आज आपको मानसिक शांति बनेगी। आपको आर्थिक लाभ मिलने की पूरी संभावना है। किसी व्यवसाय करने से बचें।

**कर्क** : पैसों का लेन-देन दिन भर लगातार होता रहेगा और दिन ढलने के बाद आप पर्याप्त बचत करने में भी सफल रहेंगे।

**सिंह** : आज आपको महत्वपूर्ण फैसला में आसानी होगी। आज आपके लिए धन संबंधी समस्याओं का सामना करना संभव है।

**कन्या** : आज आपको अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**तुला** : आज आपको अपनी फीलिंग्स को कंट्रोल में रखने की जरूरत है। विवाहित जातकों को जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** : आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। शादीशुदा लोगों को जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**धनु** : आज बच्चों की सेहत पर नजर रखें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लें। पुराना दोस्त आर्थिक मदद मांग सकता है।

**मकर** : आज आपको किसी पुराने मित्र का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**कुंभ** : धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि अपनाने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आज किसी पुराने कर्ज से मुक्ति मिल सकती है।

**मीन** : आज आपको लंबी दूरी की यात्रा से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों का साथ मिलेगा। आर्थिक रूप से आप अच्छे रहेंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

## मंगल कर्क गोचर : 3 राशि वालों पर भारी पड़ेंगे नीच के मंगल, नौकरी-कारोबार से रिश्तों तक बढ़ेगी टेंशन

मंगल के कर्क राशि में गोचर का असर जातकों के जीवन के कई क्षेत्रों पर देखने को मिल सकता है। इस समय कुछ लोगों को अनावश्यक तनाव और विवादों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही काम को लेकर तनाव बना रहेगा।

ग्रहों के सेनापति मंगल 18 सितंबर 2026 को कर्क में प्रवेश करने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि मंगल 12 नवंबर तक इसी राशि में विराजमान रहेंगे। मंगल करीब 45 दिनों के बाद राशि परिवर्तन करते हैं, ऐसे में उनका कर्क में यह गोचर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खास बात यह है कि, कर्क राशि में मंगल नीच के माने जाते हैं। वहीं,



ज्योतिष में चंद्रमा और मंगल की ऊर्जा भी एक-दूसरे से काफी अलग मानी गई है। चंद्रमा जहां शीतलता, भावनाओं और मन के ग्रह हैं, वहीं मंगल साहस, ऊर्जा, क्रोध और आक्रामकता का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में दो अलग प्रकृति वाली ऊजाओं का यह संयोग कुछ राशि वालों के लिए चुनौतियां बढ़ा सकता है। इस दौरान कार्यक्षेत्र, कारोबार, स्वास्थ्य, धन और यात्रा से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आइए इन राशियों के बारे में जानते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रु आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इस दौरान विरोधी आपके काम को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। छोटी छोटी बातों को लेकर तनाव की स्थित हो सकती है। सभी तरह के काम को लेकर सतर्क रहना होगा। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न बरतें। आपसी संबंधों में संदेह की स्थिति पैदा हो सकती है। धन से जुड़े मामलों में बेहद सतर्कता बरतें।

**तुला राशि-** मंगल का गोचर तुला राशि वालों के लिए कुछ परेशानियां लेकर आ सकता है। मंगल आपके दशम भाव में गोचर करेंगे। ऐसे में कार्यक्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है और काम से जुड़े मामलों में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में पार्टनरशिप में काम करने से बचें। किसी भी नए काम की शुरूआत सोच-समझकर ही करें। जल्दबाजी में लिया गया फैसला आगे चलकर परेशानी का कारण बन सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद हो सकते हैं।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए भी मंगल का यह गोचर चुनौतीपूर्ण रह सकता है, क्योंकि मंगल आपके सप्तम भाव में गोचर करेंगे। इस दौरान जीवनसाथी के साथ मतभेद और विवाद की स्थिति बन सकती है। आपको आत्मविश्वास की कमी का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपने क्रोध और वाणी पर विशेष नियंत्रण रखना होगा। किसी भी तरह के लड़ाई-झगड़े से बचें, क्योंकि विवादों से दूरी बनाकर रखना आपके लिए उचित होगा। कला के क्षेत्र में भी कुछ परेशानियां आ सकती हैं।

### एथलेटिक्स का नया अवतार : 95 करोड़ की प्राइज मनी

## ओलिंपिक, वर्ल्ड चैम्पियन भी उतरेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एथलेटिक्स में इस साल ओलिंपिक या वर्ल्ड चैम्पियनशिप जैसा ग्लोबल इवेंट नहीं है। इसी खालीपन को भरने के लिए वर्ल्ड एथलेटिक्स ने अल्टीमेट चैम्पियनशिप शुरू की है। 13 सितंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में टॉप एथलीट एक-दूसरे के सामने होंगे। 10 मिलियन डॉलर (करीब 95 करोड़ रुपए) की प्राइज मनी दांव पर है।

**चैम्पियनशिप क्यों शुरू हुई-** हर चार साल में ओलिंपिक होते हैं और वर्ल्ड चैम्पियनशिप भी हर साल नहीं होती। ऐसे में जिस साल कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं होता, उस समय दर्शकों की एथलेटिक्स में दिलचस्पी कम हो जाती है। इसी दूरी को पाटने के लिए खेल की गवर्निंग बॉडी ने इसे शुरू किया है।

**इसका फॉर्मेट कैसा होगा-** तीन दिन की चैम्पियनशिप में रोजाना करीब तीन घंटे का सेशन होगा। कुल 28 फाइनल होंगे। फील्ड इवेंट्स और 1500 मीटर व 5000 मीटर में सीधे फाइनल होगा, जबकि 800 मीटर और उससे छोटी दौड़ में सेमीफाइनल के बाद फाइनल होगा। सभी एथलेटिक्स इवेंट इसमें शामिल नहीं हैं।

**इसमें कौन खेल सकता है-** ओलिंपिक चैम्पियन, वर्ल्ड चैम्पियन, डायमंड लीग चैम्पियन के साथ वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर क्वालिफाई करने वाले एथलीट शामिल हैं। कुछ स्टार एथलीट्स, जो क्वालिफाई नहीं कर पाए, उन्हें वाइल्ड कार्ड दिया गया है।

**चैम्पियनशिप में पहली बार क्या-क्या नए प्रयोग देखने को मिलेंगे -** इवेंट से एक दिन पहले हॉलीवुड स्टाइल में एथलीट्स की रेड कार्पेट एंट्री हुई। ट्रैक के बीच की घास (इनफील्ड) को काले रंग से रंगा गया है। 200 मीटर में एथलीट्स अपनी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर पसंद की लेन और सेमीफाइनल हीट चुन सकेंगे। अमेरिका के स्टार धावक नोआ लायल्स इवेंट के होस्ट होंगे, जबकि पोल वॉल्ट के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मोंडो डुप्लांटिस इवेंट का ऑफिशियल गाना गाएंगे।

**कितनी प्राइज मनी मिलेगी-** कुल राशि करीब 95 करोड़ रुपए है। चैम्पियन को 1.4 करोड़ मिलेंगे। यह पिछले साल की वर्ल्ड चैम्पियनशिप की प्राइज मनी के दोगुने से ज्यादा है। दूसरे स्थान वाले को करीब 72 लाख और तीसरे स्थान वाले को 38 लाख मिलेंगे।




### कौन से दिग्गज एथलीट उतरेंगे?

महिलाओं की 800 मीटर रेस में ओलिंपिक चैम्पियन कीली हॉजकिंसन का मुकाबला फेमके बोल जैसी स्टार्स से होगा। 100 मीटर और 200 मीटर में जूलियन अल्फ्रेड, गैबी थॉमस, मेलिसा जेफरसन जैसी वर्ल्ड चैम्पियन आमने-सामने होंगी। पुरुषों की 1500 मीटर रेस में जोश केर, जैकब इंजब्रिस्टन और ओलिंपिक चैम्पियन कोल हॉकर के बीच टक्कर देखने को मिलेगी।

## वसीम अकरम ने वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की

### पीएसएल पर भी उठाए सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी प्रतिभा की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भी सूर्यवंशी जैसी प्रतिभा तैयार करनी होगी, तभी क्रिकेट में सुधार होगा। अकरम ने इसी तुलना के जरिए पीएसएल पर सवाल उठाते हुए कहा कि 10 साल में लीग से कोई बड़ा बल्लेबाजी टैलेंट सामने नहीं आया। अकरम आईपीएल और पीएसएल, दोनों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने पीएसएल में बल्लेबाजी प्रतिभाओं की कमी पर चिंता जताते हुए कहा, पीएसएल शुरू हुए 10 साल हो चुके हैं, लेकिन क्या पीएसएल ने एक भी बल्लेबाज तैयार किया है? हमने कुछ गेंदबाज जरूर दिए हैं। लेकिन क्या हमने कोई बड़ी बल्लेबाजी प्रतिभा तैयार की है? उन्होंने आगे कहा, जब हम 14 साल के खिलाड़ी जैसी बल्लेबाजी प्रतिभा तैयार करेंगे, तब हमें सुधार दिखाई देगा। हालांकि, इस बयान में अकरम ने सूर्यवंशी की उम्र 14 साल बताई, जबकि उनकी उम्र 15 साल है।

अकरम ने यह बात यूट्यूबर फरकान भट्टी को दिए इंटरव्यू में कही। अकरम 2010 से 2017 तक कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी कोच और मेंटर रहे। इस दौरान केकेआर ने आईपीएल के दो खिताब जीते। पीएसएल में भी वे इस्लामाबाद यूनाइटेड, मुल्तान सुल्तान्स और कराची किंग्स के साथ कोच और मेंटर की भूमिका निभा चुके हैं। अकरम ने पाकिस्तान में प्रतिभाओं को तैयार करने के लिए क्लब क्रिकेट को मजबूत करने की जरूरत बताई।

## मोहम्मद सिराज हैदराबाद रणजी टीम के कप्तान बने

### चामा मिलिंद उपकप्तान, 11 अक्टूबर को त्रिपुरा से पहला मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 2026-27 रणजी ट्रॉफी सीजन में हैदराबाद के कप्तान होंगे। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने शनिवार को इसका ऐलान किया।

सीजन 11 अक्टूबर से शुरू होगा। हैदराबाद का पहला मुकाबला त्रिपुरा से होगा। तेज गेंदबाज चामा मिलिंद को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। हैदराबाद को रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप इ में रखा गया है। इस ग्रुप में सौराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम और त्रिपुरा भी हैं।

सिराज ने पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में भी हैदराबाद की दो मैचों में कप्तानी की थी। सिराज हाल ही में तिलक वर्मा की कप्तानी में 2026 की दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते नजर आए थे। श्रीलंका दौरे के दौरान सिराज की रफ्तार को लेकर चिंता जताई गई थी। उनकी रफ्तार सामान्य 140 किलोमीटर प्रति घंटे के मध्य स्तर से घटकर 120 किलोमीटर प्रति घंटे के आखिरी स्तर तक पहुंच गई थी। दो मैचों की सीरीज में सिराज ने 44 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्होंने इस दौरान चार विकेट लिए थे। दलीप ट्रॉफी फाइनल के बाद चेन्नई में सिराज ने कहा, दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे मैच में उतरने से मेरी लय पूरी तरह नहीं बन पाई थी। मैं पूरी तरह लय पर निर्भर रहने वाला गेंदबाज हूं। अगर मैं लय में नहीं हूं, तो क्रीज से पूरी



ताकत के साथ गेंद नहीं फेंक पाता।

उन्होंने कहा, श्रीलंका में यही परेशानी थी। मेरा रन-अप बिखरा हुआ लग रहा था। कुछ कदम बहुत छोटे थे और कुछ बहुत लंबे। इससे मेरा प्रवाह टूट गया और मेरी रफ्तार कम हो गई। रणजी ट्रॉफी 2026-27 11 अक्टूबर 2026 से 3 मार्च 2027 तक खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट दो लेग में खेला जाएगा, जिसमें एलीट ग्रुप में 32 टीमें और प्लेट ग्रुप में 6 टीमें शामिल हैं। बीसीसीआई के 2026-27 के डोमेस्टिक सीजन में कुल 1,788 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन की शुरूआत दलीप ट्रॉफी से हुई थी और रणजी ट्रॉफी के अलावा इसमें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट भी शामिल हैं।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, रविवार 13 सितम्बर, 2026



## खबर एक नजर...

### मासूम और वृद्धा को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया



**उज्जैन।** शनिवार को महाकाल दर्शन के दौरान परिवार से 4 साल का मासूम और 75 साल की वृद्धा के साथ एक महिला बिछड़ गये। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल को मामले की जानकारी लगी तो तीनों के परिवार की तलाश के लिये एसआई चंद्रभासिंह चौहान को कमान सौंपी गई। कुछ घंटों की तलाश और संपर्क के बाद तीनों को अपने-अपने परिवार से मिलवा दिया गया। एसआई चौहान बताया कि 4 साल का मासूम महाकाल चौराहा पर चाय की दुकान चलाने वाले करण प्रजापत को रोता हुआ मिला था। करण बालक को थाने लेकर आया था। बालक ने अपना नाम दिव्यांश पिता अजय निषाद निवासी नवसारी गुजरात बताया। बालक के परिजनों की तलाश के लिये महाकाल मंदिर नियंत्रण कक्ष, पुलिस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सूचना प्रसारित कराई गई और बालक को बाइकपर बैठाकर मंदिर के आसपास क्षेत्र में घूमाया गया। इस दौरान पता चला कि हरसिद्धी चौराहा पर कुछ लोग बालक की तलाश कर रहे है। पुलिस ने तत्काल संपर्क किया और बालक को परिजनों से मिलवा दिया। दूसरे मामला महाराष्ट्र के रायगढ़ से आई 74 साल की हीराबाई पति विनायक ढोलक मंदिर परिसर में परिवार से बिछड़ गई थी। उन्हे भी पुलिस ने कुछ घंटे में परिवार से मिलवा दिया। अलीगढ़ रामपुरा से आई विमला पति अशोक शर्मा 52 साल भी भीड़ के चलते परिवार से बिछड़ गई थी, पुलिस ने 4 घंटे में परिवार को तलाश कर उनके सुपुर्द किया।

### दिल का दौरा पड़ने से प्रधान आरक्षक का निधन

**उज्जैन।** नागझिरी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक पप्पू सौराष्ट्री का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह घर में सीढियों से गिर गये थे। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि पप्पू सौराष्ट्री मूलरूप से शाजापुर का रहने वाला था। वर्तमान में अभिषेक नगर था। 3 सालों से नागझिरी थाने में पदस्थ थे, पुलिस विभाग में 27 साल की नौकरी हो चुकी थी। परिवार में एक बेटा और मां है। पिता का पूर्व में निधन हो चुका था, पत्नी से तलाक हो गया है। मामले में मर्ग कायम किया गया है। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। प्रधान आरक्षक के निधन की खबर नागझिरी थाना स्टॉफ और पुलिस विभाग को लगी तो माहौल गमगीन हो गया। हार्ट अटैक से निधन का एक मामला एमपीईबी कालोनी से सामने आया। बिजली विभाग के कियोस्क जोन में पदस्थ कौशेलेन्द्र पिता माधवसिंह 43 साल शनिवार को नहाते समय बाथरूम में गिर गये थे। उन्हे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। हार्ट अटैक से मौत होने 2 दिन में चार सामने सामने आ चुके है। शुक्रवार को खंडेलवाल नगर में रहने वाले फायनेंस कंपनी में काम करने वाले शुभम निगम की जान चली गई थी, वहीं खाराकुआ क्षेत्र की मोदी गली में किराये से रहने वाले भिंड निवासी सुरेन्द्र पिता जगदीश बघेल की मौत होना सामने आया था।



### जहरीला पदार्थ खाने वाले वृद्ध की नहीं बची जान

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में रहने वाले रामेश्वर पिता मायाराम 50 साल ने शुक्रवार शाम घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शनिवार को पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि रामेश्वर मजदूरी करता था और 2 दिन पहले ही रामदेवरा से दर्शन कर लौटा था। घर में कोई वाद-विवाद नहीं था, उसने ऐसा कदम क्यों उठाया पता नहीं है। पुलिस का कहना था कि परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### आभूषण दुकान में चोरी, कैमरे में दिखी 3 महिला

**उज्जैन।** आभूषण दुकान में दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात के मामले में पुलिस ने अज्ञात तीन महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। चोरी का फुटेज भी सामने आया है। जिसमें एक महिला चोरी करती और 2 महिलाओं के साथ जाती दिखाई दी है। मामला खाराकुआ थाना क्षेत्र के भागसीपुरा का है। यहां श्री यमुना ज्वेलर्स नाम से कैलाशचंद्र सोनी अपने पुत्र विक्रम के साथ दुकान संचालित करते है। कुछ दिन पहले पुत्र काम से चला गया था, कैलाशचंद्र सोनी शाम 4 बजे के लगभग बाथरूम जाने के लिये दुकान से बाहर आये और पड़ोसी दुकान को देखने का बोलकर चले गये। जब वापस लौटे तो टेबल खिसकी हुई थी और काउंटर में रखे आभूषणों का एक बॉक्स गायब था। उन्होने दुकान में लगे कैमरे देखे तो एक महिला चोरी करती दिखाई दी। उसके साथ 2 अन्य महिला भी थी, मामले की शिकायत खाराकुआ थाना पुलिस से की गई, लेकिन पुलिस ने 15 दिन बाद मामले में शुक्रवार रात प्रकरण दर्ज किया। अब महिलाओं की पहचान के प्रयास किये जा रहे है।

---

### सालों पहले आवेदन एवं पैसा जमा करने पर भी उपभोक्ता परेशान

# पीएनजी के आवेदकों को कनेक्शन का इंतजार

## कई क्षेत्रों में आवेदकों के घर से मात्र कुछ मीटर दूर लाईनें लेकिन फिर भी नहीं मिल पा रहा लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक तरफ एलपीजी की टंकी मिलने की मशक्कत और और दुसरी तरफ शहर में पीएनजी के आवेदकों को सालों बाद भी कनेक्शन मिलने जैसे हाल बने हुए हैं। सालों पूर्व जिन आवेदकों ने कनेक्शन के लिए पैसा भी जमा कर दिया है उन्हें मात्र आश्वासन ही मिल रहे हैं कनेक्शन नहीं। ऐसे में उपभोक्ताओं को दोहरी स्थिति से गुजरना पड रहा है। शहर में पीएनजी के कनेक्शन कुछ क्षेत्रों में कंपनी मनमानी स्थिति में ही चला रही है। मनमर्जी से कनेक्शन दिए जा रहे हैं। यहां तक की उपभोक्ता को कंपनी के कनेक्शन देने वाले कर्मचारी दिवार बनाने का भी बोल रहे हैं और उसके बाद भी कनेक्शन सालों नहीं दे रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं का खर्च भी हो रहा है और उनकी परेशानी यथावत है।



**क्षेत्र में 10-15 मीटर पर कनेक्शन-** उयपभोक्ताओं के अनुसार उनके निवास से मात्र 10-15 मीटर की दुरी पर ही कुछ घरों में गली एवं मुहाने पर कनेक्शन दिए गए हैं लेकिन उनके घर पर कनेक्शन नहीं किया जा रहा है। यहां तक की कई बार बोलने की स्थिति में कनेक्शन के लिए लाईन देना तो दुर अब तक पलट कर नहीं देखा जा रहा है। क्षेत्र में ऐसे एक दो नहीं कई उपभोक्ता हैं।

**दिवार बनवाई कनेक्शन का इंतजार-** खास यह है कि आवेदनकर्ता के सालों अनुरोध के बाद कनेक्शन के लिए कंपनी के कर्मचारी आए और उन्होंने कनेक्शन के लिए दिवार निर्माण का कार्य भी उपभोक्ता से खर्चाकर करवा लिया। 4 फीट उंची एवं 3 फीट चौडी दिवार का निर्माण करवाया,जिसमें 2 हजार रूपए उपभोक्ता ने खर्च कर दिए लेकिन उसके सालों बाद भी उसे कनेक्शन नहीं मिला है।

### पैसा जमा किया,दीवार बनवाई कनेक्शन नहीं दिया

संजय नगर नानाखेडा के उपभोक्ता का कहना है कि उन्होंने 5 साल पहले पीएनजी गैस कनेक्शन देने वाली कंपनी के उज्जैन स्थित नागझिरी कार्यालय में आवेदन किया था। आवेदन के साथ उनसे रकम जमा की गई थी। उन्हें मात्र 15 दिन में कनेक्शन देने का कहा गया था। तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक उन्हे कनेक्शन नहीं दिया गया है। इसे लेकर कई बार कंपनी को शिकायत की ,कार्यालय में जाकर अवगत करवाया लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई है।

### उपभोक्ता को उठाना पडा नुकसान

सालों पहले कंपनी में आवेदन एवं उसके बाद दिवार निर्माण को लेकर उपभोक्ता ने खर्च किया। इसके बाद भी कनेक्शन नहीं दिए गए। हाल यह रहा कि गेल से नीलगंगा चौडीकरण के तहत ऐसे उपभोक्ताओं की बनाई गई दिवारें भी चौडीकरण की चपेट में आ गई और उपभोक्ता को हजारों रूपए का बेवजह ही फटका लग गया।

---

### नाबालिग भी हिरासत में, 2 गाड़ी चुराना कबूला

# गौंड बस्ती से चुराई बाइक पर घूम रहा था युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बिना नम्बर की बाइक पर घूम रहे युवक को पुलिस ने रोका और दस्तावेज मांगे। युवक के पास दस्तावेज नहीं होने पर पूछताछ शुरू की गई तो उसने गौंड बस्ती से चोरी करना कबूल कर लिया। उसने नाबालिग के साथ एक एक्टिवा चोरी करना भी बताया। पुलिस ने नाबालिग को भी हिरासत में लिया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि क्षेत्र में वाहन चैकिंग की जा रही थी। कोट मोहल्ला क्षेत्र में बिना नम्बर की बाइक पर युवक घूम रहा था, उसे रोका गया और दस्तावेज मांगे गये, नहीं मिलने पर थाने लाकर पूछताछ शुरू की गई। उसने अपना नाम मयंक पिता मुन्नालाल कौशल 18 साल निवासी अमरनाथ धाम मक्सीरोड बताया और बाइक गौंड बस्ती से चोरी करना कबूल कर लिया, वाहन चोरी में उसके साथ जयसिंहपुरा का रहने वाला नाबालिग भी शामिल होना सामने आया। उसे भी हिरासत में लिया गया तो चोरी की एक एक्टिवा ओर बरामद हो गई। उक्त एक्टिवा महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करने वाली महिला की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग पूर्व में भी चोरी की बाइक के साथ पकड़ा जा चुका था। नाबालिग को नोटिस पर रिहा किया गया है। मंयक के खिलाफ चोरी के साथ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।



### उदूर्पुरा में मजदूरों पर गिरी जर्जर मकान की दीवार

#### तोड़ने का चल रहा था काम, 3 मजदूर घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उदूर्पुरा में शनिवार को पुराना जर्जर मकान तोड़ा जा रहा था। इस दौरान दीवार गिर गई। काम कर रहे 3 मजदूर दब गये। जिन्हे लोगों की मदद से निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया।

जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर में उदूर्पुरा क्षेत्र के रहने वाले कमल सांखला का पुराना मकान तोड़ा जा रहा था। तुडवाई के काम में 6 से 7 मजदूर लगे थे। इसी दौरान जर्जर मकान की एक दीवार अचानक धराशायी हो गई। काम कर रहे 3 मजदूर दब गये। घटनाक्रम के बाद हडकंप मच गया आसपास के लोगों ने दीवार के नीचे दबे मजदूरों को निकालने का काम शुरू किया, खबर मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। मलबे में दबे तीनों मजदूरों को कुछ देर बाद निकाला गया और उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायल मजदूरों के नाम गोविंद पिता मांगू 27 साल, राजू पिता रामलाल 18 साल निवासी रतलाम और सुनीता पति प्रकाश 35 साल निवासी चककमेड सामने आये। डॉक्टरों ने तीनों की हालत खतरे से बाहर होना बताई, लेकिन उनके हाथ-पैर और कमर में चोंट होने पर भर्ती किया। बताया जा रहा था कि घायल राजू और गोविंद के पैर में फेक्चर हुआ है। मामले में जीवाजीगंज सीएसपी पुष्पा प्रजापति का कहना था कि घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है। घटनाक्रम में लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

---

# मेघालय सरकार से टेंडर दिलाने के नाम पर ठगे थे 73 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्कॉटलैंड से आये युवक के साथ हुई 73 लाख की धोखाधडी में फरार चल रहे इनामी बदमाश को 15 माह बाद दिल्ली से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

माधवनगर थाना पुलिस ने मई 2025 में स्कॉटलैंड से इंदौर रहने आये जितेन्द्र सोलंकी के साथ हुई 73 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण जितेन्द्र राणावत, हरपालसिंह, पवन राव, फैयाज सिकोडे और अजय के खिलाफ दर्ज किया था। पांचों ने मिलकर खुद को गोल्ड फिंच कंपनी का कर्ताधर्ता होना बताकर मेघालय सरकार से सोलर स्ट्रीट लाइट और पोल सप्लाय प्रोजेक्ट का टेंडर दिलाने के नाम पर 73 लाख की धोखाधड़ी की थी। जितेन्द्र सोलंकी को बताया गया था कि प्रोजेक्ट 19.68 करोड़ का है। जिसके लिये 70 प्रतिशत राशि जमा करना होगी। बातों में फंसने के बाद जितेन्द्र ने फ्रीगंज क्षेत्र स्थित परिचित की सुमन इंटरप्राजेज पर 73 लाख का लेनदेन कर लिया था। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर 4 आरोपियों को इंदौर, रतलाम और दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी फैयाज फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 15 माह बाद पुलिस मुख्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर उज्जैन लाई है। जिसे न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

**15 माह बाद दिल्ली से गिरफ्त में आया फरार आरोपी**

# महिला को 11 साल बाद एसपी ने दिलाया मकान का कब्जा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकान पर कब्जा होने के बाद 11 सालों से परेशान हो रही महिला की शिकायत का एसपी ने समाधान कर उसे मकान वापस दिलवा दिया। मामले का पटाक्षेप चिमनगंज थाना प्रभारी की निष्पक्षता से किया गया। जिन्हे एसपी ने निर्देशित कर जांच के आदेश दिये थे।

शासकीय स्कूल में शिक्षिका डॉ. सारिका जैन ने सांदीपनी नगर में वर्ष 2015 में मकान खरीदा था। जिसकी हालत जीर्णशीर्ण होने उसे रिनोवेट कराने का काम योगेश शर्मा का दिया था, लेकिन योगेश ने मकान पर कब्जा कर लिया था। पिछले 11 सालों से अपने ही मकान में प्रवेश करने और कब्जा छुड़ाने के लिये शिक्षिका परेशान हो रही थी। पूर्व में शिकायत की गई थी लेकिन समाधान नहीं हो पाया था। कुछ समय पहले शिक्षिका जैन अपनी फरियाद लेकर एसपी प्रदीप शर्मा के पास पहुंची और पूरा घटनाक्रम बताया। एसपी ने मामले की गंभीरता को समझते हुये चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया को निर्देशित किया और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच के साथ दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर बारिकी से जांच करने को कहा। थाना प्रभारी ने जांच के बाद पाया कि मकान शिक्षिका का ही है। उन्होने योगेश शर्मा को बुलाया और कानूनी स्थिति के साथ संभावित परिणामों से अवगत कराते हुये समझाईश दी। कानून का शिकंजा कसने से पहले ही योगेश ने स्वेच्छा से अपना कब्जा छोड़ने और मकान की चाबी सौंपने की बात स्वीकार कर ली। इस दौरान एसपी शर्मा पूरे मामले की जानकारी थाना प्रभारी से प्राप्त कर रहे थे। शनिवार को एसपी ने मामले का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान कराकर 11 सालों से अपने मकान में प्रवेश का प्रयास कर रही शिक्षिका को मकान वापस दिलवा दिया। लम्बी प्रक्रिया के बाद मकान वापस मिलने पर सारिका जैन ने एसपी शर्मा और थाना प्रभारी कनोडिया का आभार माना।



### बावड़ी के फव्वारे की मोटर चुराकर भागा बदमाश

नगर वन में बनी बावड़ी में नगर निगम द्वारा फव्वारे लगाये है, शुक्रवार को एक बदमाश मोटर चोरी कर भाग निकला। नगर वन में चौकीदार के नहीं होने पर यहां असामाजिक तत्वों का रात में जमघट लग जाता है। नगर निगम द्वारा चामुंडा माता चौराहा पर नगर वन का निर्माण किया था। जहां प्राचीन उत्तरामुखी हनुमान मंदिर बना हुआ है। वन की सुंदरता के लिये यहां बावड़ी में फाउंटेंट फव्वारे लगाये थे, अंधेरा ढलने पर फव्वारों से निकलता पानी रंग-बिरंगा दिखाई देता था। शुक्रवार देर शाम बाबड़ी में लगे फव्वारे की मोटर बदमाश द्वारा चोरी कर ली गई। मोटर चोरी कर रहे बदमाश को कुछ लोगों ने देखा तो उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह मोटर थैली में भरकर भाग निकला। बताया जा रहा है कि नगर वन में पहले चौकीदार की नियुक्ति की गई थी, बाद मे चौकीदार को हटा दिया गया। जिसके चलते अंधेरा ढलने के बाद यहां असमाजिक तत्वों का जमघट लगने लगा। मंदिर आने वाले श्रद्धालु भी इनकी वजह से असहज महसूस करते है। नगर वन में पुलिस की गश्त नहीं होती है। जिसका फायदा बदमाशों द्वारा उठाया जा रहा है।

---

### पंजाब की 2 महिला के पास मिला 75 किलो डोडाचूरा

# पंजाब की 2 महिला के पास मिला 75 किलो डोडाचूरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मो पर चैकिंग कर रही जीआरपी की टीम ने पंजाब की 2 महिलाओं को पकड़ा, जिनके पास से 75 किलो डोडाचूरा मिला है। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय से पूछताछ के लिये 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

जीआरपी की टीम शुक्रवार रात चैकिंग अभियान चला रही थी, यात्रियों का सामान चैक किया जा रहा था। प्लेटफार्म नम्बर 8 पर 2 महिलाओं ने पुलिस का देख अपने 2 ट्राली बेग, 3 पिट्ठू बेग उठाकर जाने का प्रयास किया। दोनों पर शंका होते ही जीआरपी टीम ने उन्हे रोका और पूछताछ करते हुये उनके बेगों की तलाशी ली। जिसमें मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा था। दोनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया। जहां उनके नाम परमिंदर पति जगतारसिंह कौर 36 साल और जसविंदर उर्फ किंदर पति बलविंदर कौर 47 साल निवासीग्राम तलवंडीकला जिला लुधियाना पंजाब पता चले। थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके बेगों से 75 किलो डोडाचूरा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 2 लाख रुपए है। दोनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया है। मादक पदार्थ बरामद करने में एसआई बिजेंद्रसिंह कुशवाह, आरक्षक राहुल राजपूत, रवि बघेल, राजेश पाटीदार, करतार यादव, महिला आरक्षक शिल्पा मोगिया और मोनिका श्रीवास्तव शामिल थी।



### उज्जैन से लेना बता रही डोडाचूरा

जीआरपी थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दोनों महिलाओं का कहना है कि उन्होने उज्जैन से डोडाचूरा से भरे बेग लिये थे। एक व्यक्ति द्वारा उन्हे बेग दिये गये है। लेकिन उक्त व्यक्ति की जानकारी नहीं दे रही है। रिमांड के दौरान मादक पदार्थ डोडाचूरा देने वाले का सुराग लगाकर उसकी गिरफ्तारी की जायेगी।

### लाडूवाल पुलिस से मांगा रिकार्ड

एसआई बिजेंद्रसिंह कुशवाह ने बताया कि दोनों महिलाओं के संबंध में पंजाब स्थित लुधियान के लाडूवाल थाना पुलिस ने उनका अपराधिक रिकार्ड मांगा जा रहा है। दोनों से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि दोनों कितनी बार उज्जैन से डोडाचूरा और मादक पदार्थ लेकर पंजाब जा चुकी है। उनके आने का रूट भी ट्रेक किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com